R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

खबरे बेबाक, बेखौफ बेझिझक

समूह सम्पादक : रविन्द्र सिंह पवैया

ग्वालियर, भोपाल, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, से एक साथ प्रसारित

वर्ष 03 : अंक -311 | ग्वालियर, शुक्रवार 21 जून 2024 | पेज- 8 मूल्य - 2 रूपए

## आखिरी कोशिशें कर रहा आतंकवाद, जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को सिखाया जाएगा सबक: प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, 20 जून (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कश्मीर में कहा कि जम्मू-कश्मीर में आज सही मायने में भारत का संविधान लागू हुआ है और सबको बांटने वाली आर्टिकल-370 की दीवार अब गिर चुकी है। इसके चलते ही क्षेत्र की हमारी बेटियों और कमजोर वर्ग के लोगों को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया।



हाल ही की आतंकी घटनाओं को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य की जनता को आश्वासन दिया कि जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को सबक सिखाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि अमन और इंसानियत के दुश्मनों को जम्मू-कश्मीर की तरक्की पसंद नहीं है। आज वो आखिरी कोशिश कर रहे हैं कि जम्मू-कश्मीर का विकास रुक सके। हाल ही में जो आतंकी वारदातें हुई हैं, उन्हें सरकार ने बहुत गंभीरता से लिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जम्मू-कश्मीर के दो दिवसीय दौरे पर हैं। वे आज श्रीनगर में शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर (एसकेआईसीसी) में 'एम्पॉवरिंग यूथ, ट्रान्सफार्मिंग जे एंड के' (युवाओं को सशक्त बनाना, जम्मू-कश्मीर में बदलाव लाना) विषयक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मकता सुधार परियोजना (जेकेसीआईपी) का भी शुभारंभ करेंगे।

प्रधानमंत्री ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर में बढ़ चढ़कर हुए मतदान को जम्हूरियत की जीत बताया और कहा कि अब भारत स्थिर सरकार के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत हुआ है और इस लोकतंत्र की मजबूती में जम्मू-कश्मीर की अवाम की बहुत बड़ी भूमिका रही है। अटल जी ने जो इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत का विजन दिया था। उसे आज हम हकीकत में बदलते देख रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर में हो रहे विकास कार्यों को राज्य के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर में विकास के हर मोर्चे पर बड़े पैमाने पर काम हो रहा है। पीएम ग्रामीण सड़क योजना के तहत यहां हजारों किलोमीटर नई सड़कें बनी हैं। कश्मीर घाटी रेल कनेक्टिविटी से भी जुड़ रही है। चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे बड़े रेलवे ब्रिज की तस्वीरें देखकर तो हर भारतवासी गर्व से भर उठता है।

प्रधानमंत्री ने पर्यटन और खेल के क्षेत्र में जम्मू-कश्मीर की आपार संभावनाओं की बात करते हुए कहा कि आज जम्मू-कश्मीर के हर जिले में खेल का बुनियादी ढांचा तैयार किया जा रहा है। खेलो इंडिया के करीब 100 केंद्र बनाए जा रहे हैं। पिछले साल 2 करोड़ से ज्यादा टूरिस्ट जम्मू-कश्मीर में आए। इससे स्थानीय लोगों के रोजगार में तेजी आती है, रोजगार बढ़ता है, आय बढ़ती है।

## प्रधानमंत्री से मिले मप्र के मुख्यमंत्री, केन-बेतवा परियोजना के भूमिपूजन का किया अनुरोध

भोपाल,। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट की और उन्हें तीसरे कार्यकाल की बधाई देकर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से केन-बेतवा परियोजना के भूमि पूजन करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गठित नई केंद्र सरकार पूर्व की भांति मध्यप्रदेश के विकास और उन्नति के लिए सहयोग देती रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री को प्रदेश में चल रही दो प्रमुख नदी-जोड़ो परियोजनाओं, केन-बेतवा परियोजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना की वर्तमान जानकारी से अवगत कराया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि केन-बेतवा परियोजना भूमिपूजन के लिए तैयार है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से केन-बेतवा परियोजना के भूमिपूजन के लिए समय प्रदान करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी को प्रदेश में चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जल-गंगा अभियान से प्रदेश के कुएं, बावड़ियां, नदियां, तालाब, पोखर, झील इत्यादि जल संरचनाओं पर ध्यान केंद्रित कर जनजागृति का वृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश की जनता का इस अभियान के प्रति उत्साह देखकर इस अभियान की समय-सीमा को 30 जून तक बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी को प्रदेश में चल रहे सिकल सेल उन्मूलन



कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के नेतृत्व में डिंडोरी जिले में विश्व सिकल सेल दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार ÷रक्त विकार÷ की इस गंभीर बीमारी के उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही जनजागरुकता से मरीजों के सदैव सहयोग के लिये भी दृढ़ संकल्पित है।



## समाज सेवी राबिया किन्नर ने निर्जला एकादशी पर्व पर पोरसा चौराहा पर मीठे पानी का वितरण किया

*अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट*

अंबाह। नगर की समाज सेवीका राबिया किन्नर ने निर्जला एकादशी पर्व पर पिनाहट रोड पर खड़े होकर ट्रैक्टर चालक तम तम चालक दो पहिया वाहनों को रोक कर मीठे पानी वितरत का क्या राबिया किन्नर समाज सेवी की तरह कई धार्मिक कार्य करती रहतीं हैं उन्होने कई बार गरीब लोगो की मदद भी की है ओर गरीब लड़की की शादी में शरीक होकर कुछ ना कुछ उपहार भेट करती है मदद करने में हमेशा करती रहती है राबिया एक समाजसेवी के नाम से जानी जाती है इनका सहयोग करते हैं शुभांशु तोमर गोविंद शर्मा हर्ष शर्मा मोहित परमार अन्य लोग समाज सेवा में उनके साथ सहयोग करने में लोग भी शामिल रहते हैं।



## अधें कुएं में गिरी गाय को ग्रामीणों ने निकाला सुरक्षित बाहर

दैनिक कैसरिया हिंदुस्तान रिपोर्टर संतोष सिहं चौहान मो, 8889486368

भिडं जिले के मिहोना थाना अंतर्गत ग्राम कथा में बिजासन मंदिर के पास स्थित अंधे कुएं में एक गाय अपना संतुलन खोकर गिर गई थी ग्रामीणों ने जब कुएं में डाली गाय को जिदंगी मौत से संघर्ष करते देखा तो उसे सुरक्षित बाहर निकालने के लिए प्रशासन के जिम्मेदारों से गुहार लगाई लेकिन काफी समय तक प्रशासन हमला मौके पर नहीं पहुंचा ग्रामीणों ने गौ रक्षा संगठन प्रमुख संतोष चौहान को सूचना दी संतोष चौहान ने मीडिया के माध्यम से प्रशासन के आला अधिकारियों को अवगत कराया,ग्रामीणों ने भी एकजुट होकर गाय को सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास शुरू कर दिए कुएं में काफी पानी भरा हुआ था कुआं पूरी तरह से जर्जर हालत में था कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने गाय को सुरक्षित बाहर निकलने में सफलता हासिल की और कुएं में मरणासन्न हालत में डाली गाय की जान बचाई हालांकि कुछ समय बाद प्रशासन के लोग मौके पर पहुंच गए थे लेकिन रैक्सयू टीम नहीं पहुंची थी कुएं की खुदाई करने के लिए जेसीबी मशीन भी उपलब्ध नहीं हुई थी फिर भी ग्रामीणों ने हिम्मत नहीं हारी और जान जोखिम में डालकर रस्सीयों से बांधकर गाय को बाहर निकाल लिया

## भितरवार में नगर परिषद हुई परास्त सी एम ओ की लापरवाई

संवाददाता लोकेंद्र सिंह सोलंकी /7354490175 भितरवार

भितरवार में वार्ड नंबर आठ में बारिश का पानी भरा घरों में नगर परिषद का कोई ध्यान नही नगर पर आज थोड़ी सी बारिश से ही घरों में इतना पानी भर गया तो फिर बारिश में क्या होगा नगर का वार्ड नंबर आठ में भी पानी निकलने की कोई भी रास्ता नहीं है गलियों मै भरा हुआ है पानी ,नगर परिषद सी एम ओ का नगर में कोई ध्यान नहीं सी एम ओ को भी वार्ड नंबर आठ के रहने वालों ने चार महीने पहले ही दे दिया था आवेदन अभी तक नहीं हुई सुनवाई वार्ड नंबर आठ सरकारी हॉस्पिटल के पीछे स्वर्गाश्रम कालोनी में पानी निकलने का नही है रास्ता कालोनी के बच्चे कोचिंग के लिए नही निकल पा रहे हैं कालोनी की गली मै पानी भरने के कारण कालोनी के निवासियों ने सी एम ओ को अभी भी अवगत करा दिया है फिर भी फिर भी सी एम ओ नही कर रहे सुनवाई सी एम ओ की बढ़ती हुई लापरवाही ,कालोनी के लोग मंदिर जाने के लिए है परेशान स्वर्ग आश्रम कालोनी वार्ड नंबर आठ भितरवार के लोग रास्ते को लेकर है बेहद परेशान वार्ड नंबर आठ भितरवार सरकारी हॉस्पिटल के पीछे।

### भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन हुआ

धार/टांडा- शाला प्रवेश उत्सव के अंतर्गत गुरुवार को बालक प्राथमिक विद्यालय टांडा में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के आमन्त्रण पर पत्रकार शुभम गादिया , प्रियेश गहलोत,पंच सागर पीपलाज ने माँ सरस्वती व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। शाला में उपस्थित नन्हे- मुन्ने बच्चों को पत्रकार शुभम गादिया ने संबोधित करते हुए खूब मन लगाकर पढ़ने की प्रेरणा दी,साथ ही पत्रकार गादिया द्वारा भीषण गर्मी का अनुभव करते हुए संस्था को एक छत पंखा भेंट करने की घोषणा की। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए पत्रकार प्रियेश गहलोत शिक्षक शंकरलाल राठौर , नीलेश सिसोदिया व शिक्षिका कमलेश चौहान ने संबोधित करते हुए मोबाइल व टीवी से दूर रहकर मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। अतिथियों का स्वागत शिक्षक पुरूषोत्तम धाकड़ ने किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक उमेश ठाकुर ने किया वही अतिथियों व बच्चों के प्रति आभार शिक्षक उत्तम गारद ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों द्वारा बच्चों को बाल पेन व काफ़ी उपहार स्वरूप दी व बच्चों को विशेष मध्यान्ह भोजन दिया गया।

## कलेक्टर श्रीमती चौहान ने बालिकाओं को बताया सफलता का 'थ्री-पी' फॉर्मूला

### भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत शाउमावि कन्या की बालिकाओं को प्रेरित करने पुहँचीं कलेक्टर

### जिले के अन्य स्कूलों में भी वरिष्ठ अधिकारी बच्चों को मार्गदर्शन देने पहुँचे

ग्वालियर सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। लक्ष्य निर्धारित कर सतत प्रयास करने से सफलता हासिल होती है। यह बात कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कही। श्रीमती चौहान ÷स्कूल चलें हम अभियान÷ के तीसरे दिन ÷भविष्य से भेंट÷ कार्यक्रम के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिंदे की छावनी की बालिकाओं को मार्गदर्शन देने एवं उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित करने पहुँची थीं। उन्होंने ÷थ्री पी÷ फॉर्मूला के जरिए बालिकाओं को सफलता का मंत्र बताया। साथ ही बालिकाओं का पुष्पाहारों से स्वागत किया, उपहार भेंट किए और उनके साथ भोजन भी किया।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा थ्री पी फॉर्मूला में पहली पी से आशय है पर्सिवियरेंस (दृढ़ता के साथ सतत प्रयास), दूसरी पी का मतलब है पॉजिटिविटी (सकारात्मकता) और तीसरी पी से आशय है प्रेयर (प्रार्थना)



। उन्होंने थ्री पी फॉर्मूला पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि हम दृढ़तापूर्वक व सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य हासिल करने के लिये सतत प्रयास करें, तो सफलता अवश्य मिलेगी। साथ में मन की मजबूती के लिये अपने माता-पिता, ईश्वर, प्रकृति या गुरूजन जिसके प्रति भी श्रद्धा हो उसकी प्रार्थना करना चाहिए। इससे एकाग्रता आती है और आत्मविश्वास बढ़ता है।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने बच्चों से यह भी कहा कि कड़ी मेहनत व प्रयास के बाबजूद कई बार हम असफल होते हैं, इससे निराश नहीं होना चाहिए। जीवन से बड़ी कोई सफलता नहीं होती। इसलिए लगातार प्रयासरत रहकर लक्ष्य की ओर बढ़ते रहें। उन्होंने बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मुझे तब बहुत खुशी होगी जब इस विद्यालय की कोई बालिका आईएएस होगी अथवा किसी और क्षेत्र के बड़े औहदे पर पहुँचेगी।

### बालिकाओं के साथ बैठकर किया मध्यान्ह भोजन

जयेन्द्रगंज में संजय कॉम्प्लेक्स के समीप संचालित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिंदे की छावनी में स्कूल चलें हम अभियान के तहत पहुँचीं कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने स्कूल की बालिकाओं के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन भी किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता में और सुधार लाने के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक श्री रविन्द्र सिंह तोमर, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती नवोदिता गुप्ता व अन्य शिक्षकगण एवं स्कूली बालिकायें व उनके अभिभावक मौजूद थे।

अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी विभिन्न स्कूलों में भविष्य से भेंट करने पहुँचे

स्कूल चलें हम अभियान के तीसरे दिन यानि गुरूवार को जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्कूलों में पहुँचे। इस दौरान अधिकारियों ने बच्चों का स्वागत सत्कार किया, उन्हें उपहार सौंपे और प्रेरणादायी उदबोधन दिया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार शासकीय गजराराजा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लश्कर के प्रवेशोत्सव में शामिल हुए। इसी तरह संयुक्त संचालक लोक शिक्षण श्री दीपक पाण्डेय ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय रतवाई, संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव जैन ने शासकीय कन्या उमावि सिकन्दर कम्पू, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री एच के सिंह ने अवाड़पुरा स्कूल एवं जिला परियोजना सकन्वयक श्री रविन्द्र सिंह तोमर ने शासकीय हाईस्कूल रेशम मिल में पहुँचकर भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत बच्चों के बीच पहुँचे। सभी ने बच्चों का स्वागत किया और उपहार भेंट करने के बाद उन्हें सफलता के मंत्र बताए।



## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

दैनिक कैसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिहं चौहान मो,, 8889486368

नगर लहार के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लहार में मध्य प्रदेश खेल और युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में एवं भिंड कलेक्टर महोदय श्री संजीव श्रीवास्तव एवं भिंड पुलिस अधीक्षक महोदय श्री असित यादव एवं जिला खेल अधिकारी श्री जोसेफ बक्सला एवं कार्यालय बाबूजी रामबाबू कुशवाहा जी के सफल मार्गदर्शन में ब्लॉक युवा समन्वयक लहार श्री अनिल श्रीवास्तव ने बताया के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लहार के खेल मैदान पर ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 21 मई से 20 जून तक 08 वर्षों से लेकर 18 वर्ष तक के बालक एवं बालिकाओं के लिए कबड्डी एवं वॉलीबॉल गेम्स के विशेष प्रशिक्षकों के द्वारा बारीकी से एक माह तक लगातार प्रशिक्षण दिया गया जिसका आज मुख्य अतिथि महोदय विद्यालय के प्राचार्य श्री कोमल सिंह परिहार एवं विशिष्ट अतिथि में ब्लॉक क्रीड़ा प्रभारी मुसर्रत खान, बी आर सी श्री अजय कुमार झा एवं ब्लॉक योग प्रभारी श्री राजीव कुशवाहा जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे तथा तथा सैकड़ो की संख्या में उपस्थित बालक एवं बालिकाओं को अतिथियों के द्वारा मेडल देकर के प्रोत्साहित किया गया तथा प्रशिक्षण के सर्टिफिकेट भी बालक एवं बालकों को दिए जाएंगे बालक एवं बालकों के भविष्य काम आयेंगे इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय के द्वारा ब्लॉक युवा समन्वयक अनिल श्रीवास,कबड्डी प्रशिक्षक पवन कुमार इंदिरा गांधी स्टेडियम लहार, रविंद्र कुशवाहा नेशनल प्लेयर कबड्डी लहार, वॉलीबॉल प्रशिक्षक रवि यादव इंदिरा गांधी स्टेडियम लहार को समर कैंप का सफल आयोजन कराने में अपनी विशेष सहानुभूति देने के लिए हृदय से सह धन्यवाद दिया

## पल्स पोलियो अभियान के तहत 23 जून को बच्चों को पिलाई जायेगी जिंदगी की दो बूँद

### 23 से 25 जून तक जिले में चलेगा पल्स पोलियो अभियान

### कलेक्टर श्रीमती चौहान ने जिलेवासियों से की अपील, पोलियो सुरक्षा कवच पहनाने के लिये अपने बच्चों को लेकर बूथ पर अवश्य पहुँचें

ग्वालियर जन्म से पाँच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो सुरक्षा कवच पहनाने के लिये जिले में 23 से 25 जून तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जायेगा। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देशन में जिले में पल्स पोलियो



अभियान की तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने पल्स पोलियो अभियान के लिये गठित टीमों को जिले के जन्म से पाँच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो रोधी खुराक पिलाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिलेवासियों से अपील की है कि वे रविवार को जन्म से 5 वर्ष तक के अपने बच्चों को जिंदगी की दो बूँद पिलाने के लिए पोलियो बूथ पर अवश्य पहुँचें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर के राजौरिया ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार 23 जून को पोलियो बूथ पर जिंदगी की दो बूँद पिलाई जायेगी। जिलेभर में 2 हजार 216 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। साथ ही 140 टीम घर-घर भ्रमण करेंगीं। इसके अलावा 83 ट्रांजिट बूथ बनाए जायेंगे जो हवाईअड्डा, रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड, प्रमुख चौराहों इत्यादि पर पोलियो रोधी खुराक पिलायेंगीं। अभियान के तहत मोबाइल टीम के माध्यम से घुमन्तु जातियों, सड़क निर्माण, क्रेशर, ईंट भट्टों इत्यादि पर काम करने वाले श्रमिकों के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जायेगी।

अभियान को सुव्यवस्थित ढंग से अंजाम देने के लिये 4 हजार 712 कर्मचारी व 253 सुपरवाइजर सहित कुल 4 हजार 985 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा जिला स्तर से प्रत्येक विकासखंड एवं शहरी क्षेत्र के लिये पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. आर के गुप्ता ने बताया कि रविवार 23 जून को प्रात॰ 8 बजे से सायंकाल 5 बजे तक पोलियो बूथ पर जिंदगी की दो बूँद पिलाई जायेंगीं।

## सांसद ने जन दर्शन के दौरान लोगों की सुनी समस्याएं

सीधी।

लोकसभा संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद डॉ. ग्राजेश मिश्रा ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम जन दर्शन के दौरान सांसद कार्यालय के विशाल सभागार वैष्णवी गार्डन में शाम 4 बजे से लेकर 6 बजे तक सुदूर अंचल से आई हुई जनता जनार्दन की समस्याओं को सुना। प्रमुख समस्याओं में शिक्षा, वन, बिजली, पानी, नगरपालिका आदि विभागों की शामिल है। जिसके निराकरण हेतु संबंधित विभाग प्रमुखों को दूरभाष एवं पत्राचार द्वारा आवश्यक दिशा.निर्देश दिये। जिसके कारण आये हुये जन सामान्य लोग प्रसन्नता पूर्वक अपने गंतव्य स्थान को गये।

# अमृतसर पुलिस ने सीमा पार से हथियार और ड्रग्स तस्करी तथा हवाला रैकेट गैंग को पकड़ा








### 28 करोड़ की हीरोइन सहित 8 आरोपी गिरफ्तार,7 वाहन व हथियार जब्त

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार ब्यूरो अमृतसर पंजाब*

पंजाब के अमृतसर में पुलिस ने सीमा पार से तस्करी करने वाले एक गिरोह को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने 8 आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ सीमा पार से अवैध हथियार और नार्को टेररिज्म हवाला रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस फिलहाल आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

पुलिस कमिश्नर अमृतसर रणजीत सिंह ढिल्लों ने बताया कि इस मामले की शुरुआत बीते माह 22 मई को 22 साल के रजिंदर कुमार उर्फ राजा की गिरफ्तारी के बाद शुरू हुई थी। उस पर घरिंडा थाने में धारा 307 के तहत मामला भी दर्ज है। जांच में पुलिस इस पूरे मामले के किंगपिर रणजीत सिंह उर्फ राजा और अभिषेक तक पहुंची। जिसे 10 जून को आधा किलो हेरोइन व 40 हजार ड्रग मनी के साथ पकड़ा गया। यही अभिषेक पाकिस्तान से नशा मंगवाने का काम करता था।

इसके बाद पुलिस ने अगले- पिछले संपर्कों को खोजना शुरू किया। पुलिस को इस दौरान घरिंडा थाने में धारा 307 में प्रयोग की गई पिस्टल भी बरामद हुई। जिसके बाद पुलिस ने लवप्रीत और गुरभेज को भी पकड़ने में और उनसे हथियार जब्त करने में सफलता हासिल की। जैसे जैसे जांच आगे चली, पुलिस ने विशाल, गुरजंट और जसपाल को भी पकड़ने में सफलता हासिल की।

पर ड्रग मनी से खरीदी कारें जब्त*

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि आरोपियों का जब फाइनेंशियल ट्रायल शुरू किया गया तो आरोपियों से 7 महंगी गाड़ियां व मोटरसाइकिल जब्त किए गए। आरोपियों से वरना, थार, आई-20, स्विफ्ट डिजायर, एक्टिवा और स्प्लेंडर मोटरसाइकिल जब्त किया गया।

पुलिस के अनुसार किंगपिन रणजीत काका पाकिस्तानी तस्करों के संपर्क में था और पंजाब में हेरोइन व गैर-कानूनी हथियारों का नेटवर्क चला रहा था। इससे मिला पैसा पाकिस्तान भेजा जाता था और पाकिस्तान इसका प्रयोग भारत में आतंकवाद फैलाने में कर रहा था।

### *विदेशी पिस्टल भी बरामद*

पुलिस ने इस मामले में 4.10 किलो हेरोइन, 1 जिगाना विदेशी पिस्टल, 2 अन्य 0.32 बोर पिस्टल, 45 जिंदा कारतूस और 2.07 लाख ड्रग मनी को भी जब्त किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों का अभी पुराना कोई रिकॉर्ड सामने नहीं आया है। ये सभी 20 से 25 साल के दर्मियान की उम्र के युवा हैं। जिन पर आपसी झगड़ों व धारा 307 का एक मामला दर्ज है। जबकि लूट, स्नैचिंग या एनडीपीएस एक्ट का कोई मामला इन पर नहीं है।

# जिले को हरा-भरा बनाने के लिए 10 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है- अतिरिक्त उपायुक्त

### सभी विभागों के प्रमुखों को पौधे लगाने के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान करने के आदेश दिए गए

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार ब्यूरो अमृतसर पंजाब*

*अमृतसर।। आगामी मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए जिले को हरा-भरा बनाने के लिए विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण के लिए 10 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इन पौधों से पर्यावरण स्वच्छ रहेगा और भविष्य में गर्मी से राहत मिल कर जीवन को खुशहाल बनाया जा सकेगा।

इस संबंध में सभी विभागों के प्रमुखों के साथ बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ग्रामीण विकास श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि महात्मन गांधी नरेगा योजना के तहत उनके विभाग से संबंधित प्रत्येक खाली जगह यानी सरकारी भवन, अस्पताल, स्कूल, पंचायत भूमि सड़क के किस किनारे पर पौधारोपण किया जा सकता है, इसकी पहचान करने का आदेश दिया गया, ताकि आवश्यकतानुसार उन्हें पौधे उपलब्ध कराये जा सकें. उन्होंने कहा कि कार्य केवल पौधारोपण तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि उनकी देखभाल करना भी हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए आगे आना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी गांवों के जमींदारों से अपील की कि वे अपनी जमीन से सटे सड़क के किनारे





लगाए गए पौधों को बचाने के लिए पूरा सहयोग दें, इससे मगनरेगा योजना के तहत जॉब कार्ड धारकों को अधिक से अधिक रोजगार मिलेगा। इस बैठक में एस.डी.एम अजनाला एस- अरविंदर पाल सिंह, जिला वन अधिकारी एस- अमनित सिंह, ईएक्सएन पीडब्ल्यूडी। एस- इंद्रजीत सिंह, प्रिंसिपल आईटीआई कैप्टन संजीव शर्मा के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## ईओ कार्यालय में तोड़फोड़ के आरोपी को पुलिस को सौंपा

नगीना,संवाददाता।नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारी के साथ जाति सूचक शब्दों के साथ गाली गलौज करने तथा अधिशासी अधिकारी संदीप सक्सेना के कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़ करने वाले मिर्ज़ा आबिद बैग को चेयरपर्सन ताहिरा बेगम के पुत्र शाहनवाज खलील ने पुलिस को बुलाकर सौंप दिया है।आबिद बैग को अपराधिक प्रवृत्ति का बताया जाता है।

पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में लुहारी सराय पूर्वी निवासी अरविंद वाल्मीकि पुत्र अमीचंद ने कहा है कि बुधवार की दोपहर एक बजे मोहल्ला लाल सराय निवासी मिर्ज़ा आबिद बैग पुत्र मिर्जा यूनुस बैग आया और ईओ संदीप सक्सेना के बारे में पूछने लगा।यह बताने पर की ईओ कार्यालय में सरकारी काम कर रहे हैं तो आरोप है कि मिर्ज़ा आबिद बैग आग बबूला हो कर उसे जाति सूचक शब्दों से अपमानित कर गाली गलौज तथा मारपीट करने लगा और धक्का देकर ईओ कार्यालय में जबरदस्ती घुसकर मेज पर रखे कागजात फाड़कर इधर उधर फेंकने लगा।सूचना मिलने पर पालिका कार्यालय पहुंचे चेयरपर्सन ताहिरा बेगम के पुत्र शाहनवाज खलील के लिए भी अपशब्दों का इस्तेमाल करने लगा।पालिका कर्मचारियों ने बामुश्किल मिर्जा आबिद बैग को कब्जे में लिया और शाहनवाज खलील ने पुलिस को बुलाकर सौंप दिया।

## राजकीय डिग्री कॉलेज भोजपुर में नशा मुक्ति विशेष अभियान का हुआ आयोजन

भोजपुर। राजकीय महाविद्यालय भोजपुर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार नशा विरोधी पखवाड़ा में विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। नशा विरोधी पखवाड़े के दौरान




महाविद्यालय के शिक्षक वर्ग, शिक्षणेत्तर वर्ग एवं छात्र-छात्राओं द्वारा ई -प्रतीज्ञा पंजीकरण किया गया। नशे की लत का असर हमेशा व्यक्ति के मानसिक , शारीरिक स्वास्थ्य एवं आर्थिक स्थिति पर पड़ता है। नशे का शिकार व्यक्ति सामाजिक दूरी महसूस करता है नशे के सेवन से कई प्रकार की खतरनाक बीमारियां होती है नशामुक्ति के लिए शिक्षा, जागरूकता और सही दिशा निर्देशन की आवश्यकता है सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों का सहयोग भी महत्वपूर्ण है ताकि नशे के प्रति जनसंवाद और प्रतिबद्धता बढ सके। नशा मुक्ति से समाज में सकारात्मक परिवर्तन आ सकता है जो समृद्धि,सुरक्षा और सामाजिक ताकत को बढ़ावा देगा कार्यक्रम में डॉक्टर सरस्वती डॉक्टर संदीप गुप्ता, वन्दना भारती ,अमित कुमार, शिक्षणेत्तर वर्ग एवं छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

## योग दिवस पर 21 जून को जनपद मुख्यालय के पास बने तिरंगा मैदान में होगा योगा,सुबह 6 बजे पहुंचने की अपील

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान औरैया से ब्यूरो चीफ विपिन मित्तल की रिपोर्ट

औरैया 20 जून ।15 से 21 जून 2024 तक मनाए जाने वाले योग



सप्ताह के छठम दिवस पर आयुष विभाग द्वारा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ( मेडिकल कालेज चिचौली ) में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गांव के 30 लोगों ने प्रतिभाग किया। नोडल अधिकारी डॉ आलोक कुमार ने बताया कि योग दिवस को सफल बनाने के जगह-जगह योग शिविर का आयोजन किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि 21 जून को होने वाले योग दिवस कार्यक्रम तिरंगा मैदान में सुबह 6 बजे पहुंचने की अपील की। शिविर में योग वैलनेस सेंटर के संचालक योग प्रशिक्षक शशिराज सेठ व उत्कर्ष सिंह ने सभी को योगाभ्यास कराते हुए स्वस्थ जीवन के लिए योग की महत्ता बताई और योगासन के समय रखने वाली सावधानियों के विषय में बताया। शिविर में मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि योग पद्धति को जीवन में शामिल कर हम स्वस्थ जीवन व तनाव मुक्त रह सकते है।

# कृषि विभाग की सरकारी जमीन पर अधिकारी की मिली भगत से दर्जनों दुकान दार किए हुए कब्जा

### हर महीने दुकानदारों से किराए के नाम पर की जा रही वसूली

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झांसी से ब्यूरो गिरवर सिंह कि रिपोर्ट

झांसी के नगर मऊरानीपुर में कृषि विभाग की बेशकीमती भूमि पर कृषि अधिकारी की मिली भगत के चलते दर्जनों लोग अवैध कब्जा कर दुकान संचालित कर रहे एवं दुकानों को किराए पर लगाकर अवैध वसूली करते लाखों रुपए हर महीने कमा रहे हैं! भूमि संरक्षण कृषि विभाग मऊरानीपुर की सरकारी जमीन में अतिक्रमणकारी कई वर्षों से अतिक्रमण किए हुए हैं, अतिक्रमणकारी अपनी अपनी दुकानें बनाकर उन दुकानों में पक्के फर्श का निर्माण कर अवैध कब्जा किए हुए है! विभाग द्वारा खाना पूर्ति के नाम पर नोटिस देकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह कर खूब मलाई खा रहे हैं नगर के लोगो द्वारा कैबर शिकायत कर अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की गई लेकिन आज तक अवेध कब्जा धारी



अतिक्रमण छोड़ने को तैयार नहीं है और विभाग में सेटिंग कर कब्ज़ा जमाए हुए है! कृषि विभाग की ज़मीन में अवैध तरीके से बक्शा की दुकान, फर्नीचर की दुकान, ढाबा की दुकान आदि का निर्माण किये हुए है! लोगों द्वारा कृषि विभाग की जमीन पर कब्ज़ा हटाने की शिकायत प्रशासन से की गई थी लेकिन प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही न करने से आये दिन कृषि विभाग की ज़मीन पर बड़े पैमाने पर कब्ज़ा होते रहते है, जिसके चलते कचहरी रोड पर लम्बा जाम लग जाता है! प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्यवाही न करने से कब्जेधारियों के हौसले बुलंद है ! तहसील कार्यालय के समीप कृषि विभाग की भूमि पड़ी हुई है, यहां पर कृषि विभाग के अधिकारियो और कर्मचारियों के सरकारी निवास बने हुए हैं! यहां पर अधिकारी, कर्मचारी निवास करते हैं! इसी भूमि पर चारों और सडक निकली हुई हैं! इसी सड़क किनारे दर्जनों लोगों ने अपनी अवैध दुकान बना रखी हैं! कब्जेधारी नेताओं से कब्ज़ा न हटाने की गुहार लगाते है जिसके कारण प्रशासन कब्ज़ा आज तक नहीं हटा पाया है! प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्यवाही न करने से बड़ी संख्या में लोग कब्जे कर बड़े व्यापार करते हैं! जहां एक ओर नगर पालिका परिषद द्वारा अवैध कब्जे हटाये गये, वही कृषि विभाग द्वारा कब्जे हटाने में कोई कार्यवाही नहीं की जा रहीं हैं!

## मानव कल्याण को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है योग

लोकेशन गरौठा

झांसी/ *रिपोर्ट प्रदीप शर्मा



गुरसराय(झाँसी)- स्वास्थ्य,संस्कृति व मानव कल्याण को बढ़ाने में योग अहम भूमिका निभाता है।योग करने वाले व्यक्ति की संपूर्ण दिनचर्या ही परिवर्तित हो जाती है। यह बात मॉर्निंग वांक समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से गल्ला मंडी गुरसराय में सप्त दिवसीय योग शिविर में अपने संबोधन में कही।समिति पदाधिकारियों ने कहा कि योग का नियमित अभ्यास करने से शरीर में गजब की लचक पैदा होती है तथा शरीर के सभी अंगों पर इसका सामान रूप से प्रभाव पडता है। उन्होंने कहा व्यक्ति का प्रथम प्रयोजन अपने आप को निरोग रखना होना चाहिए। शास्त्रों मे भी पहला सुख निरोगी काया को माना गया है।वर्तमान भागदौड़ भरी जिंदगी में खुशहाल जीवन जीने का सबसे उन्नत मार्ग है,योग।नियमित रूप से योगाभ्यास करने वाले व्यक्ति की सम्पूर्ण जीवन शैली बदल जाती है। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से व्यक्ति का रहन सहन,खान-पान व व्यवहार सब कुछ बदल जाता है।योग करने वाला व्यक्ति हर पल ऊर्जा से भरा रहता है।योग व्यक्ति को हर प्रकार के तनाव भी मुक्त रखता है।योग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इस दौरान उपस्थितजनों को योग शिथिलिकरण के अभ्यास, तड़ासन, वृक्षासन, अर्धचक्रासन, भद्रासन, वज्रासन ,मकरासन, उष्ट्रासन, उत्तानमण्डूकासन,भुजंगासन, शालभासन, पादहस्तासन,कपालभाति, अनुलोम विलोम,शीतली व भ्रामरी, सहित अन्य प्राणायाम का गहन अभ्यास करवाया।योग प्रशिक्षण शिविर में समिति के सुखदेव सिंह दीपू अस्ता,अरुण भदोरिया,रविंद्र रावत,मंटू कोठारी,नेता परमार डुडी,रामनारायण गुप्ता,गिरेंद्र सिंह खंगार,चरण सिंह यादव,जानकी शरण वकील साहब,जगदीश पाठक, राजकुमार सेंन,जमील मंसूरी, दीपू धनौरा,शैलेंद्र पाँचाल, सुबोध अग्रवाल, भगोलेराम, धर्म सिंह दरोगा,अखिलेश कनकने,राघवेंद्र खरे,के पी सिंह,राघवेंद्र बुंदेला,जाहर सिंह,रामू खरे,राजवेंद्र बुंदेला,ध्रुव यादव सहित अन्य लोगों की सक्रिय उपस्थिति रही।

## अंतर्राष्ट्रीय दिवस नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत लोगो को दिलाई गई शपथ



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से ब्यूरो चीफ विपिन मित्तल की रिपोर्ट**

औरैया 20 जून।जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशन में मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अंतर्गत किए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम की श्रृंखला में पुलिस एवं आबकारी विभाग द्वारा एमआर अकेडमी व संकल्प अकेडमी विद्यालय में नशे से स्वयं को दूर रखने एवं अन्य सगे संबंधियों/परिचितों आदि को दूर रखने के लिए आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं अध्यापक/अध्यापिकाएं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई और नशे के प्रयोग से होने वाली सामाजिक ,आर्थिक ,शारीरिक हानियों के संबंध में भी अवगत कराया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राएं, अध्यापक/अध्यापिका बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जिला न्यायाधीश संग डीएम-एसएसपी ने किया जिला जेल और राजकीय संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण

मथुरा( नीरज चतुर्वेदी )। जिला न्यायाधीश आशीष गर्ग जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। तीनों अधिकारियों ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में किशोरों से वार्ता की तथा सीसीटीवी कैमरे कम्प्यूटर सेंटर आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह के अधीक्षक को निर्देश दिए कि सभी बच्चों के लिए अखबार मंगवाया जाए और उन्हें पढ़ने के लिए दिया। नेडा अधिकारी को निर्देश दिए कि वैकल्पिक ऊर्जा का स्टीमेंट बनाया जाए। म्यूजिक गेम कंप्यूटर बिना इंटरनेट के लगवाए जाएं। सभी बच्चे यहां से शिक्षित होकर जाए और अपना भविष्य तय कर सकें। इसके उपरांत अधिकारियों का दल जिला जेल पहुंचा। सभी न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया। कैदियों की संख्या के बारे



में जानकारी मिलने के बाद अधिकारियों ने रसोई घर का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान एक बड़ी मशीन द्वारा रोटियां जाएं। सभी बच्चे यहां से शिक्षित होकर जाए और अपना भविष्य तय कर सकें। इसके उपरांत अधिकारियों का दल जिला जेल पहुंचा। सभी न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया। कैदियों की संख्या के बारे में जानकारी मिलने के बाद अधिकारियों ने रसोई घर का निरीक्षण बनती मिलीं। रसोई घर में साफ-सफाई से भी अधिकारी सन्तुष्ट नजर आए। इसके बाद अधिकारी जेल चिकित्सालय में पहुंचे। जहाँ निरीक्षण के दौरान पाया गया कि चिकित्सालय में बंदी मरीजो का इलाज किया जा रहा है। सभी बंदी मरीजों से अलग अलग बातचीत भी की गई और उनसे स्वास्थ्य व इलाज के बारे में जानकारी ली। बंदियों द्वारा खाने-पीने रहने अथवा अन्य कोई समस्या होना नहीं बताया गया। बैरको व जेल परिसर में साफ-सफाई पाई गई।

# नगर में तीसरी ऑख का अभाव, घटना के बाद अपराधी हो जाते हैं फरार



सीधी।

शहर में आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीव्ही कैमरे निगहबानी करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत आए दिन बाइक चोरी तथा मारपीट, लूटपाट की घटनाएं संज्ञान में आती रहती हैं। जरूरत के हिसाब से मिनी स्मार्ट सिटी में आज दिनांक तक तीसरी ऑख का पहरा नही लगाया जा सका है। वहीं इसकी पूर्ति के लिये लगातार विभागीय तौर पर पत्र जारी कर कमी की पूर्ति के लिये ध्यान आकर्षण किया जाता रहा है। वहीं अब एक बार फिर स्थानीय स्तर पर नगर में मुख्य चौराहों एवं बाजार क्षेत्र में लगभग एक सैकड़ा से ज्यादा कैमरे लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया जा रहा है। जिससे अपराध घटित करने वाले आरोपियों की पहचान हो सके साथ ही पीड़ित को न्याय मिल सके।

आपको बताते चलें कि जिला चिकित्सालय सीधी एवं कलेक्ट्रेट सहित बाजार क्षेत्र से बाइक की चोरी होना अब आम बात हो चली है उसके बाद भी जिला प्रशासन द्वारा सम्राट चौक, अस्पताल चौक, कलेक्ट्रेट तिराहा सहित बाजार क्षेत्र में पूरी तरह से कैमरे नही लगवाये जा सके हैं। जिन स्थलो पर पहले से कैमरे लगे हुए हैं, वे गुणवत्ता विहीन हैं। इन कैमरों में घटना के बाद अपराधियों की शक्ल स्पस्ट नहीं आती है लेकिन उनकी गतिविधियां जरूर कैद हो जाती हैं। जिससे पुलिस चाह कर भी आसानी से अपराधियों तक नही पहुंच पा रही है।

**इनका कहना है –**



शहर की सुरक्षा के लिये राज्य शासन के निर्देशन में जल्द ही नगर में सीसीटीव्ही कैमरे जरूरत के हिसाब से लगवाने की पहल प्रारंभ की जायेगी।

डॉ. महेन्द्र सिंह सिकरवार,
पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन रीवा।

# खुले बाजार में आज आयोजित होगा पुस्तक मेला -

## पुस्तके, यूनीफार्म, कॉपी, स्टेशनरी इत्यादि सस्ते दर पर होगी मुहैया - जिला शिक्षा अधिकारी

सीधी जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.प्रेमलाल मिश्रा ने बताया कि नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 दिनांक 01.04.2024 से शुरू होने से प्रदेश के सभी शासकीय एवं निजी विद्यालयों में नवीन सत्र के लिये पठन-पाठन प्रारम्भ हो गया है। निजी विद्यालयों के लिये स्कूल शिक्षा विभाग का म.प्र. निजी विद्यालय अधिनियम 2017 एवं म.प्र. निजी विद्यालय नियम 2020 प्रभावशील है। जिसमें प्रावधान है कि निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र या अभिभावकों को पुस्तकें, यूनीफार्म, टाई, जूते, कॉपी आदि केवल चयनित विक्रेताओं से क्रय करने के लिये औपचारिक अथवा अनौपचारिक, किसी भी रूप में बाध्य नहीं किया जायेगा। छात्र



या अभिभावक इन सामग्रियों को खुले बाजार से क्रय करने के लिये स्वतन्त्र होंगे।

आपको बताते चलें कि अधिनियम 2017 तथा नियम 2020 के प्रावधानों का सम्यक रूप से पालन में पुस्तक मेले का आयोजन सहायक होगा। जिला स्तरीय दो दिवसीय पुस्तक मेला का आयोजन दिनांक 21 एवं 22 जून 2024 को शा.उ.मा.वि. क्रमांक-2 सीधी सायं 3 बजे से आयोजित है जिसमें पुस्तकें, स्टेशनरी, यूनीफार्म, आदि के स्टाल स्थानीय प्रकाशकों एवं विक्रेताओं द्वारा लगाये जायेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी सीधी ने जिले के सभी प्राचार्य, प्रधानाध्यापक एवं संचालकों को पत्र लिखकर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को पुस्तक मेला के आयोजन की सूचना एवं पुस्तक मेला का लाभ उठाने हेतु अवगत कराने हेतु पत्र जारी किया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के समस्त पुस्तक विक्रेता, गणवेश विक्रेता, जूता टाई विक्रेताओं को भी पत्र जारी कर अपने स्टाल लगाने हेतु लेख किया है।




# कुसमी में सिकल सेल दिवस पर 50 लोगो की हुई जांच

सीधी।

डॉ. अजय प्रजापति मुख्य खंड चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में विश्व सिकल सेल दिवस का आयोजन कुसमी में किया गया। जिसमें 50 लोगों की सिकल की जांच हुई साथ.साथ टीवी की स्क्रीनिंग हीमोग्लोबिन शुगर बीपी तथा अन्य सभी प्रकार की जांच करते हुए टीवी संभावित मरीजों का सैंपल लिया गया एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गयी। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से पीरामल फाउंडेशन स्वास्थ्य विभाग एवं नीलम ट्रेडर्स तथा पीपीएसएके संयुक्त तत्वअवधान में आयोजित किया गया, ऐसे मे कुसमी के समस्त स्वास्थ कर्मचारी कार्य क्षेत्र पर मौजूद रहे।

# कुसमी पुलिस ने 88 हजार रूपये का 5 किलो गांजा एवं मोटर सायकल को किया जप्त




सीधी।

पुलिस अधीक्षक डॉ.रविन्द्र वर्मा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में अवैध नशे के विरूद्ध सीधी पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में कार्यवाही करते हुये कुसमी पुलिस द्वारा 52 हजार रूपये कीमती 5.2 किलोग्राम गांजा एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल कीमती 30 हजार के साथ आरोपी को कुसमी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

कुसमी पुलिस से मिली जानकारी के आधार पर बताया गया कि पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ रविन्द्र वर्मा द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विक्रय परिवहन एवं भण्डारण के उपर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। जिस तारतम्य में 20 जून 2024 को थाना कुसमी को जरियें मुखविर सूचना मिली कि थाना क्षेत्र मे रात्रि गस्त किया, बाद क्षेत्र भ्रमण दौरान कुसमी बाजार चौराहा मे मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गाजर नौढ़िया से जूरी भगवार रोड तरफसे एक व्यक्ति काले रंग की होण्डा साईन मोटरसाइकल जिसका नंबर सिगरौली पासिंग है, से सरई तरफ से भारी मात्रा मे अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर आ रहा है। थाना प्रभारी कुसमी द्वारा मुखविर सूचना से वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराते हुये स्वयं के नेतृत्व में एक टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान रोड ग्राम जूरी तरफ गये जो भगवार जूरी रोड पुलिया के पास मुखबिर के बताये हुलिया जैसा काले रंग की होण्डा मोटरसाइकल की पेट्रोल टंकी के पास एक झोला रखे एक व्यक्ति मिला जिसे रोककर पूछताछ किया जो अपना नाम नीरज कुमार साहू पिता ज्वाला प्रसाद साहू उम्र 23 वर्ष निवासी पोखरी टोला थाना सरई जिला सिगरौली का होना बताया तथा मोटरसाइकल के टंकी के पास रखे झोला में रखे हुए सामान के सबंध मे पूछा गया। जो संदेहजनक उत्तर दिया जो पास में रखी बोरी की पुलिस टीम द्वारा तलाशी लेने पर अवैध मादक पदार्थ गाजा पाया गया। जिसका तौल करने पर कुल 5.2 किलोग्राम गांजा कीमती 52 हजार रूपये जप्त किया गया। आरोपियो से मोटर सायकल 1 नग जिसकी अनुमानित कीमती 30 हजार, 5500 रुपये नगदी कुल कीमती 87 हजार 500 रूपये की जप्ती बनाया गया है। आरोपियों का उक्त कृत्य एनडीपीएस की धारा 8/ 20बी के तहत दंडनीय पाए जाने पर थाना कुसमी में अपराध कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर विवेचना में लिया गया है।

**सराहनीय योगदान :.**

थाना प्रभारी कुसमी उनि भूपेश बैस, सउनि नन्दप्रकाश सिंह, प्रआर अंजनी कुमार द्विवेदी, बलवीर नीखरे, कमलेश प्रजापति, आरक्षक दिनेश सिंह, दिनकर दुबे, अभिमन्यु सिंह की अहम भूमिका रही है।

# क्रीड़ा भारती इकाई की बैठक आयोजित

सीधी

बुधवार को अक्षत होटल मे क्रीड़ा भारती सीधी के अध्यक्ष डॉ.अनूप मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में आवश्यक बैठक आहुत कर बताया गया कि 14 जून को प्रांतीय कार्यकारणी के द्वारा गूगल मीट के माध्यम से जिला इकाई को विभिन्न दायित्व निर्वहन हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके तहत आगामी दिनों मे योग दिवस, सदस्यता अभियान, ग्रामीण क्रीड़ा केंद्र का विस्तार, प्रतिमाह बैठक के आयोजन एवं खेल दिवस आयोजन को लेकर चर्चा एवं 26 जून को होने वाली जबलपुर में प्रांतीय वार्षिक कार्ययोजना बैठक के आयोजन में



जिले से सहभागिता के लिए भी चर्चा की गई। बैठक मे मुख्यरूप से मौजूद क्रीड़ा भारती सीधी के अध्यक्ष डॉ अनूप मिश्रा द्वारा सुझाव दिया गया कि खेल के आयोजनो को ग्रामींण स्तर पर विशेष तौर पर आयोजित करना है। जिसके लिये खेल के मैदान एवं खेल सामग्री जन सहयोग से खिलाड़ियो को आवश्यकतानुसार मुहैया कराने पर जोर दिया गया। जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को तरास कर देश व विश्व के पटल तक पहुँचाना है। बैठक मे मुख्य रूप से राजबहोरन सिंह विभाग संयोजक सिंगरौली विभाग, राममणि त्रिपाठी जिला संयोजक क्रीड़ा भारती, हरिशंकर पांडेय जिला प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी, श्रवण शुक्ला आदर्श योग क्लब प्रभारी, सूरज विश्वकर्मा जिला योग प्रभारी, रविंद्र सिंह. क्रीड़ा अधिकारी संजय गाँधी महाविद्यालय, देवेंद्र सिंह, अनिल कुमार शुक्ला प्रशिक्षक वालीबाल, केपी सिंह, मानिंद शेरअली खान खेल प्रशिक्षक, सूरज शुक्ला बॉक्सिंग प्रशिक्षक, दिवाकर सिंह प्रशिक्षक फुटबॉल, माखनलाल मिश्रा पीटीआई, रोशनलाल जायसवाल सचिव एथलेटिक्स संघ, विवेक सिंह राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन राममणि त्रिपाठी एवं आभार राजबहोरन सिंह के द्वारा किया गया।

# कलेक्टर ने चार पटवारियों को जारी किया कारण बताओ नोटिस

सीधी कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी को प्राप्त शिकायतो के आधार पर उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास द्वारा चार पटवारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। कलेक्टर श्री सोमवंशी ने कड़े निर्देश दिए हैं कि अपने जायज कार्यों के लिए यदि लोगों को अनावश्यक परेशान होते पाया गया तो संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। सभी अधिकारी/ कर्मचारी अपने निर्धारित दिवसों पर कार्यालय में उपस्थित रहेंगे तथा नागरिकों की समस्याओं का तत्परता से निराकरण सुनिश्चित करेंगे। लोगों को सहजता से शासन की सेवाओं एवं सुविधाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित करें। उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा ने अविनाश पाण्डोरिया पटवारी हल्का बरम्बाबा, विद्यावती कुशवाहा पटवारी हल्का चौफाल कोठार, सीमा प्रजापति पटवारी हल्का बघवारी एवं पंकज सिंह पटवारी हल्का बेन्दुआ को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। उन्होने बताया कि जन सुनवाई में प्राप्त आवेदन अनुसार अविनाश पाण्डोरिया पटवारी हल्का बरम्बाबा द्वारा बंटवारा प्रतिवेदन नहीं दिए जाने, विद्यावती कुशवाहा पटवारी हल्का चौफाल कोठार द्वारा राहत राशि का प्रकरण नहीं बनाने, सीमा प्रजापति पटवारी हल्का बघवारी द्वारा सीमांकन में हेरा-फेरी एवं नक्शें से बटांकन विलोपित करने एवं पंकज सिंह पटवारी हल्का बेन्दुआ द्वारा इत्यलाबी नहीं करने के कारण घोर लापरवाही को देखते हुए उन्हे कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। शासकीय कार्य में घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचरिता को देखते हुए दो दिवस में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। समाधान कारक जवाब नहीं देने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

# डॉ.रविन्द्र वर्मा की तत्परता से फरीयादी के खाते में वापस आई ठगी की राशि

सीधी।



डॉ.रविंद्र वर्मा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सायबर सेल की टीम ने फरियादी के खाते में वापस कराये ठगी के 13500 रुपये। बताया गया कि 14 जून को फरियादी प्रवीण कुमार पाण्डेय पिता शंकर प्रसाद पाण्डेय ग्राम दोहा पोस्ट दोहा थाना बैकुंठपुर जिला रीवा वर्तमान पता सीधी ने पुलिस को आवेदन दिया कि आज सुबह मेरे मोबाइल में एक वीडियो कॉल आया जिसमें अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरी वीडियो रिकार्डिंग कर ब्लैकमेल करने लगी। वीडियो न वायरल करने के लिये 13500 रुपये अपने खाते में डलवा लिये और पैसे की मांग कर रहा है। आवेदन पत्र की गंभीरता को देखते हुये सायबर सेल टीम द्वारा पुलिस अधीक्षक को सूचित कर तत्काल कार्यवाही करते हुये फरियादी से ट्रांजेक्शन डिटेल प्राप्त कर संबंधित वॉलेट पेमेन्ट बैंक नोडल को भेजा जाकर खाते से आहरित राशि को वापस करने व संबंधित खातें को फ्रीज करने का अनुरोध किया गया। संबंधित वॉलेट पेमेन्ट बैंक नोडल द्वारा तत्काल खातें को फ्रीज कर संबंधित ट्रांजेक्शन की राशि पुनः फरियादी के खाते में भेजी गयी जो राशि फरियादी के खाते में क्रेडिट हो चुकी है। शिकायत पत्र के अन्य तथ्यों की जाँच जारी है।

**आमजनो से अपील –**

सायबर सेल सीधी सभी नागरिको से अपील करते हुए कहा गया कि आप अपने खातें से संबंधित जानकारी किसी भी व्यक्ति के साथ साझा न करे और ना ही किसी अंजान लिंक पर क्लीक करें एवं अंजान वीडियो कॉल रिसीव न करें अन्यथा आप भी ठगी के शिकार हो सकतें है।









# स्मार्ट सिटी में कम्प्लीट हुए कार्यों में मेंटिनेन्स का आभाव :- प्रवीण अग्रवाल



कपिल गोयल /दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

ग्वालियर -ः आज ग्वालियर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा स्मार्ट सिटी एडवायजरी फोरम की बैठक मोतीमहल स्मार्ट सिटी के कार्यालय में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता नव निर्वाचित सांसद श्री भरत सिंह कुशवाह ने की

इस बैठक में चैम्बर के अध्यक्ष के रूप में MPCCI के अध्यक्ष डॉ प्रवीण अग्रवाल शामिल हुए

डॉ प्रवीण अग्रवाल ने बैठक में स्मार्ट सिटी के जो परिकल्प पूर्ण हो गए है उसमे मेंटिनेन्स के आभाव का मुद्दा उठाते हुए स्ट्रीट लाइट की समस्या को उठाया की स्ट्रीट लाइट के मेंटिंन्स का कार्य निजी कम्पनी को सोपने के बाद भी प्रमुख बाज़ारो सहित जो चारो दिशा से शहर में प्रवेश मार्ग है वहा की स्ट्रीट लाइट बंद रहती है और आसानी से उसका सुधार नहीं होता है इसके लिए एक हेल्पलाइन नंबर उस निजी कम्पनी द्वारा जारी किया जाना चाहिए

डॉ प्रवीण अग्रवाल ने पूरे शहर में तीसरी आँख के रूप में ष्टष्ट्रञ्जङ्क लगाए जाने की निविदा निरस्त किये जाने पर सुझाव दिया की इसे पुनः टेंडर कर शीघ्रति शीघ्र शहर में ष्टष्ट्रञ्जङ्क स्थापित कराये जाने चाहिए जिस पर निगम कमीशनर हर्ष सिंह ने कहा की इसके टेंडर पुनः करेंगे

स्मार्ट सिटी द्वारा 10 स्मार्ट वाश रूम के स्थल चयन में माहाराज बाड़ा क्षेत्र में एक भी स्मार्ट वाशरूम का चयन नहीं होने पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए डॉ प्रवीण अग्रवाल ने कहा की बाड़ा शहर का ह्रदय स्थल है और वहा पर एक भी वाशरूम नहीं होना लोगो की खासकर महिलाओं के लिए बहुत पीड़ादायक तो है ही इससे इस क्षेत्र के व्यापार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है जिस पर ष्टश्वह्र नीतू माथुर ने आश्वास्त किया की हम इसमें कुछ स्थल का निरीक्षण कर इस क्षेत्र को भी शामिल करेंगे

डॉ प्रवीण अग्रवाल ने माहाराज बाड़ा की पार्किंग के मुद्दे पर कहा की यह लगभग पांच वर्ष पुराना प्रोजेक्ट है जिसमे पिछले वर्ष से कार्य प्रारम्भ हो पाया है लेकिन स्मार्ट सिटी इसे जून 2025 तक पूर्ण करने की कह रहा है लेकिन काम की गति और प्रगति देखकर लगता नहीं की यह कार्य इस अवधि में पूर्ण हो पायेगा

इसे प्रोजेक्ट को स्मार्ट सिटी को अपनी सबसे पहली प्रार्थमिकता में लेना होगा क्योंकि इसके आभाव में बाड़ा सराफा माधवगंज गांधीमार्किट दौलतगंज आदि क्षेत्रो का व्यापार पर बहुत प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है जिस पर सांसद श्री भरत सिंह जी ने सहमति जताते हुए इसको प्रमुखता से पूर्ण करने और यदि ठेकदार समय पर कार्य नहीं करता है तो दंडित करने और इसका एडवायजरी कमेटी के साथ शीघ्र अवलोकन के निर्देश दिए

डॉ प्रवीण अग्रवाल ने पार्को के रख रखाव के लिए सभी पार्को की लिस्ट उपलब्ध करवाने के लिए भी कहा जिससे वह लिस्ट भेजकर कुछ कम्पनी और संस्थाओ से आग्रह कर उन्हें गोद लेने का आग्रह किया जायेगा जिससे उनका उचित रख रखाव हो सके और सेलानियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा

# कायाकल्प योजना के अंतर्गत बनने वाली रोड चढ़ी भ्रष्टाचारियों की भेंट





दैनिक कैसरिया हिंदुस्तान रिपोर्टर संतोष सिहं चौहान मो, 8889486368

रौन नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर 13 में मैन रोड जेतपुरा मार्ग से चंदावली बम्बा एंव अंधियारी बम्बा पर डलने वाली सीसी रोड जिस पर घटिया किस्म का कार्य कराया जा रहा है थर्ड क्वालिटी का कार्य करवा कर सरकार की योजनाओं के पैसों को हड़प्पा जा रहा है यह रोड कायाकल्प योजना के अंतर्गत डाल रही है जबकि इस योजना के अंतर्गत इस रोड को बहुत ही अच्छी एवं सुंदरता के साथ डालनी चाहिए थी लेकिन ठेकेदार के द्वारा रोड पर भ्रष्टाचार का अंबार लगा दिया गया है इस रोड को पर अगर देखा जाए तो कई कमियां सामने निकल कर आ जाएगी।।

डीएलसी सही नहीं की गई है कंक्रीट सरिया जो जॉइंट पर लगाए जाते हैं उसकी भी दूरी ज्यादा की जा रही है डोबल बार नहीं डाले गए हैं सही ग्रेड की लेंथ नहीं डाली जा रही है तलाई भी नहीं की जा रही है खास बात यह है कि कार्यो की देखरेख में इंजीनियर क्या कर रहे हैं नगर परिषद के अंतर्गत आने वाली कार्यों में इतनी भ्रष्टाचारी हो रही है उसके बावजूद भी इंजीनियर साहब नजरअंदाज कैसे दिखाई दे रहे गुणवत्ताहीन कार्य करने में लगे हुए ठेकेदार।।

# गंभीर मरीजों को इलाज नहीं मिलने से हो रहे रैफर



## 2 वर्षों से एमडी मेडिसिन डॉक्टर पदस्थ न होंने से बंद पड़ा मिनी हाई डिफिसियेंसी सेंटर, मशीनें हो रही खराब।

सबलगढ़ सिविल हॉस्पिटल में गंभीर प्रसूति महिला और अन्य मरीजों को 12 बिस्तरों की हाई डेफिशिएंसी यूनिट में ऑक्सीजन सुविधायुक्त है।यह 50 बिस्तर के सिविल हॉस्पिटल पर हाई डेफिशिएंसी यूनिट 2 वर्ष पहले 56लाख की लागत से बनकर तैयार हो गई। लेकिन एमडी मेडिसिन डॉक्टर उपलब्ध नहीं होने से अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। जिससे मरीजों को इलाज संभव नहीं हो पा रहा है। मंगलवार को गर्मी के कारण मरीजों की हालत बिगड़ रही हैं लेकिन मिनी आईसीयू की तरह हाई डिफिशिएंसी सेंटर सुविधा होने पर भी एमडी मेडिसिन डॉक्टर पदस्थ नहीं होने से इलाज नहीं मिल पा रहा है।लेकिन विगत 18 माह से यह यूनिट अपने शुरू होंने का इंतजार कर रही है।जिला चिकित्सालय से एमडी मेडिसिन डॉक्टर नहीं मिलने से थोड़ी परेशानी आ रही है।जबकि हास्पीटल में 600 के करीब ओपीडी रहती है।हाई डेफिशिएंसी यूनिट 2 वर्ष पहले बनकर तैयार हो गई थां।कोरम पूर्ति करने के लिए इसका लोकार्पण तत्कालीन एसडीएम मेघा तिवारी से 1.5 वर्ष पहले कराने के बाद भी अभी तक शुरू नहीं हो पाई है।हाई डिफेंसियेंशी यूनिट चालू नहीं होने से मरीज अभी भी लगातार रेफर हो रहे हैं।कई युवा एवं अधेड़ व्यक्ति काल के गाल में समा चुके हैं। शासन,प्रशासन एवं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का भी कोई ध्यान नहीं है। गंभीर एवं प्रसूति रोग के मरीजों को जिला चिकित्सालय रेफर करने का नहीं थम रहा सिलसिला। प्रसूति एवं गंभीर व सामान्य रोगियों का बीपी बढ़ने एवं ऑक्सीजन लेवल कम होने के कारण जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया जाता है।क्योंकि सिविल हॉस्पिटल पर एमडी मेडिसिन डॉक्टर पदस्थ नहीं है।जिसके कारण हाई डिफिशिएंसी यूनिट भी शुरू नहीं हो पाई है।जिससे मरीजों को रेफर करने का सिलसिला नहीं थम पा रहा है।लेकिन स्वास्थ्य विभाग का कोई ध्यान नहीं है।जबकि सबलगढ़ से 70 किलोमीटर दूरी पर जिला चिकित्सालय स्थित है ।जिससे पड़ोसी जिले श्योपुर की वीरपुर और विजयपुर तहसील के मरीज भी रेफर होकर सबलगढ़ आते है।क्योंकि 125 किलोमीटर की दूरी पर जिला चिकित्सालय श्योपुर स्थित है लेकिन कुछ प्रसूताओं एवं सामान्य मरीज का इलाज सिविल हॉस्पिटल सबलगढ़ पर भी नहीं हो पा रहा है। महेश शर्मा की हालत गंभीर होंने ने से जिला चिकित्सालय रैफर किया जा रहा है। सिविल अस्पताल में मरीज सुबह से भर्ती है लेकिन बीपी लो हो रहा है। जिसका रैफर के अलावा कोई इलाज नहीं है। सीएमएचओ डॉक्टर राकेश शर्मा का कहना सिविल हॉस्पिटल सबलगढ़ पर एमडी मेडिसिन डॉक्टर भेजने के लिए पुनः प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। जिला चिकित्सालय पर अतिरिक्त एमडी मेडिसिन डॉक्टर उपलब्ध नहीं है।

# शासकीय माध्यमिक शाखा मुडियाखेडा, मरैना में पहुंचकर नव प्रवेशित बच्चों को पाठ्य पुस्तकें और स्टेशनरी का वितरण किया

अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट*

अम्बाह। म0प्र0 शासन द्वारा ÷स्कूल चले हम अभियान÷ अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम दिनांक 18 से 20 जून, 2024 तक आयोजित करने संबंधी दिशा-निर्देश दिये गए, जिसमें 18 जून को ÷स्कूल चलें हम अभियान,÷ 19 जून को अभिभावकों को संबोधित पत्र और निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण तथा 20 जून को ÷भविष्य से भेंट÷ कार्यक्रम समुचे प्रदेश के साथ-साथ मुरैना जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में आयोजित में किये गये। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान पुलिस अधीक्षक जिला मुरैना ने आज दिनांक 20.06.2024 को गुरूवार को शासकीय माध्यमिक शाला मुडियाखेडा मुरैना में पहुंचकर बच्चों को पढ़ाया गया पढाते समय पुलिस अधीक्षक द्वारा बच्चों को बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ बेसिक ज्ञान भी जरूरी है, कोरा ज्ञान सदैव लाभदायिक सिद्ध नहीं होता। अनुशासन का जीवन में बहुत महत्व हैं, कठिन परिश्रम से सफलता अवश्य मिलेगी, बच्चों को प्रशासनिक सेवा में चयनित होने, देश के अच्छे नागरिक बनने, जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेल के महत्व के बारे में भी बताया गया, पुलिस किस तरह कार्य करती है, यातायात नियमों का पालन स्वयं करने एवं अपने परिजनों को भी यातायात नियम का पालन करने हेतु बताये, वर्तमान परिवेश में हो रहे सायबर क्राइम से कैसे स्वयं को एवं अपने परिजनों को सुरक्षित रखा जा सकता है आदि के संबंध में पुलिस अधीक्षक मुरैना द्वारा बच्चों को बताया गया एवं उन्होंने नव प्रवेशित बच्चों को पाठ्य पुस्तकें और स्टेशनरी भेंट की। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के स्कूल के प्राचार्य सहित अन्य शिक्षक एवं नव प्रवेशित बालक-बालिकायें उपस्थित थीं। श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान पुलिस अधीक्षक मुरैना द्वारा सर्वप्रथम बच्चों से परिचय प्राप्त किया और कहा कि आप सभी किस-किस विषय को प्राथमिकता से पढ़ते है। बच्चों ने विज्ञान, गणित, हिन्दी, अंग्रेजी, इतिहास आदि के बारे म अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक ने बच्चों से क्लास में पीरियड लेते समय कहा कि जीवन में अनुशासन एवं मेहनत दो ऐसे शब्द हैं जो आपके सम्पूर्ण जीवन को बदल देते हैं, उन्होंने कहा कि अच्छी तरह से पढ़ाई करें, नाम रोशन करें, पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद एवं व्यायाम भी जीवन में बहुत जरूरी है। उन्होंने बच्चों को बताया कि कल 21 जून है कल का दिन अंतराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है, पुलिस अधीक्षक ने बच्चों का ज्ञानवर्धन कराने के लिये उन्हें विज्ञान, इतिहास के कई महत्वपूर्ण प्रश्नों का ज्ञान कराया एवं उन्हें प्रशासनिक सेवाओं में चयनित होने हेतु प्रेरित किया, बच्चों को बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के समय किन-किन बातों को ध्यान में रखा जाना आवश्यक है, साथ ही साथ बच्चों को पुलिस की बेसिक कार्यप्रणाली के संबंध में भी अवगत कराया गया इसके साथ ही बच्चों को स्वयं एवं अपने परिजनों को यातायात नियमोंः जैसे दो पहिया वाहन पर हैलमेट लगाने, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, रॉग साइड पर वाहन न चलाने, तेज रफ्तार में वाहन न चलाने आदि का पालन करने एवं सायबर क्राइम से बचाव हेतु सायबर ठगों से सावधान रहने की समझाइश दी गई एवं बच्चों को पाठ्य पुस्कें व स्टेशनरी भेंट की गई।




# 11 के वी की लाइन का तार टूटने से दुकान में लगी आग 20 लाख का हुआ नुकसान

# दो लोग हुए धायल , तथा बचाव बालों के हाथ जले

25
*अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट*

पोरसा। बरसों पुराने तार नहीं बदले गए परिणाम स्वरूप आज 11 के वी की लाइन का तार टूट करके गिरा जिससे दुकान में आग लगी दुकान का 20 लाख का नुकसान हुआ मकान की छत्त की पट्टियां टूटी प्लास्टिक के पाइप,लेजम,मोटर, प्लास्टिक की टंकी जल कर खाक हुई,,तथा दो व्यक्ति विनोद कुमार जैन पुत्र गुलाब चंद जैन धायल हुआ जिसे पोरसा अस्पताल मे प्राथमिक उपचार के बाद मुरैना रेफर कर दिया गया, तथा गोविंद शर्मा भी धायल हुए तथा अन्य कई लोगों के हाथ जले,, मोहल्ला के रहने वाले लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया संजीव कुमार जैन, प्रशांत सिंह तोमर ,अभिषेक गुप्ता, गोविंद शर्मा ,गिर्राज अग्रवाल, बंटी सिंह तोमर ,अमन सिंह तोमर , आदि लोगों के द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। पटवारी सांतेश सिंह तोमर मौके पर पहुंचे मौके का मुआइना किया नुकसान का पंचनामा बनाया।

ज्ञात रहे की इसी लाइन से वर्ष 2008 में 11 के वी की लाइन का तार टूटने से जैन समाज के चल समारोह पर गिरा पांच बच्चे घायल हुए इनमें से तीन की मृत्यु हो चुकी है,, अभी गति माह पूर्व अंबा रोड थाने के सामने 11 के वी का तार टूटने से डीपी जली लेकिन रात को 12ः00 बजे हुआ था यह हादसा इसलिए कोई जन हानी नहीं हुई विभाग लाइन के तार बदलने तथा लाइन की शिफ्टिंग के बारे में कोई ध्यान नहीं दे रहा है,,बीच सड़क पर डिवाइडर है बिजली के खम्बे डिवाइडर पर हो तो इतना बड़ा हादसा नहीं हो।?



भिंड रोड पर गोविंद आयरन के नाम से बड़ी दुकान है जहां दुकान के ऊपर यह पूरा परिवार सुदामा लाल शर्मा के नाम से निवास करता है 12ः30 के करीब मकान के सामने एक बड़ी डीपी रखी हुई है जहां चारों ओर से तार खंभे पर लगे हुए हैं वहां 11 केवी की लाइन भी है जिसमें अचानक विशाल फाल्ट आने के कारण तेजी से आग लगी और दुकान में पहुंची के जहां पानी भरने वाली टंकियां ,बोर के पाइप ,केबल है जिन पर आग लग गई और धीरे-धीरे आग मकान के अंदर पहुंच गई आस पड़ोस के दो सेकडा करीब लोग एकत्रित हो गए और मौके पर तत्काल नगर पालिका पोरसा व अम्बाह की फायर भी पहुंची आग बुझाने शुरू कर दिया भीषण आग और धुआं होने के कारण आग पर शीघ्र काबू नहीं पाया गया करीबन 2 घंटे में आग पर काबू पाया गया तब तक लगभग 20 लाख का माल जलकर स्व हो गया दुकान के ऊपर मकान में पांरवार के लोग सो रहे थे मोहल्ले वाले ऊपर दूसरे मकान पर पहुंचकर उन्हें काफी परेशानी के चलते निकल गया।

गोविंद आयरन भिंड रोड पोरसा 11द्म1 के फाल्ट आने से लगी भीषण आग 20 लाख का नुकसान एक दुकानदार जख्मी मुरैना रेफर

बगल में वनटू जैन की दुकान में भी लगी आग कपड़ा जल का हुआ खाक

सुदामा लाल की बगल में कपड़े की दुकान संचालित है आग लगने के कारण बगल में कपड़े की दुकान में भी आग लग गई और 50000 के करीब कपड़ा जलकर खाक हो गया,,आगकी बड़ी घटना होने के बाद आज पड़ोस के लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से कहा घरों के बगल से यह लायन निकली हुई है इसे यहां से हटकर सड़क के बीचों बीच लगाई जाए जिससे ऐसी घटना ना घटित हो

घायल विनोद जैन पुत्र गुलाबचंद जैन निवासी भिंड रोड पोरसा उम्र 48 साल

सुदामा लाल शर्मा निवासी भिंड रोड पोरसा

अगर रात्रि के समय यह घटना घटित होती तो आस पड़ोस के कई मकानों में आग लगती और जनहानि की हो सकती थी रात्रि के समय घटना के बारे में जानकारी नहीं मिल पाती है लोगों को जिससे बचाव कार्य शीघ्र नहीं हो पाता है

आज पड़ोस के लोगों ने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन किया लेकिन उन्होंने 20 मिनट तक लाइन नहीं काटी जिससे बचाव कर काफी देरी से हो सका।

# नेता के लिये नहीं पार्टी के लिये करें निष्ठा पूर्वक कार्य - डॉ.राजेश

सीधी।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने नगर मंडल की कामकाजी बैठक में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहकर मंडल अध्यक्ष मुनिराज विश्वकर्मा की अध्यक्षता में जिला उपाध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ.देवेन्द्र त्रिपाठी की विशिष्ट उपस्थिति में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता नेता के लिये नहीं पार्टी के लिये निष्ठापूर्वक कार्य करता है।




## टीम भावना से करें कार्य

लोकसभा संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि पार्टी का कार्यकर्ता टीम भावना से कार्य करता है। मैं सभी विधायकों एवं पार्टी पदाधिकारियों के साथ मिलकर सीधी लोकसभा संसदीय क्षेत्र के संपूर्ण विकास के लिये परिश्रम की पराकाष्ठा से कार्य करूंगा। लोकसभा संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद ने कहा कि पार्टी द्वारा 21 जून से 6 जुलाई तक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करने वाली है। 21 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली। 21 जून को पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आमजनों के साथ मिलकर इसे करें आयोजित। 23 को भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को बूथ स्तर पर मनाना है। धारा 370 हटाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ.मुखर्जी के सपनों को पूरा किया है।

## कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर की थी संविधान की हत्या

लोकसभा संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद ने कहा कि 25 जून को तत्कालीन कांग्रेस की इंदिरा गांधी सरकार ने देश में एमरजेंसी लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटने का कार्य करते हुये संविधान की हत्या की थी। हम सभी को इस दिन कांग्रेस के अत्याचारों एवं यातनाओं को जन.जन तक पहुंचाना है। इस निमित्त सभी बूथ केन्द्रों पर कार्यक्रम आयोजित करें।

## मेरा पल.पल जनता जनार्दन के नाम

लोकसभा संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद ने कहा कि मैं सांसद के पद पर निर्वाचित होते ही जनता जनार्दन के कल्याण के लिये पल प्रतिपल सजगता से चिंतित हूं और उनके विकास की अपार संभावनाओं पर कार्य कर रहा हूं। दिल्ली पहुंचते ही पहले की दिन रेल मंत्रालय से मिलकर ट्रेन के फेरे बढ़ाये। ललितपुर.सिंगरौली रेलवे परियोजना पर द्रुतगति से कार्य हो इसके लिये लगा हूं। सीधी.सिंगरौली सड़क मार्ग का निर्माण कार्य अविलम्ब पूर्ण हो, इसके लिये संबंधित मंत्रालय से चर्चा कर रहा हूं। सीधी जिला चिकित्सालय का कायाकल्य हो इसके लिये सीएमएचओ एवं अन्य कर्मचारियों से मिलकर आवश्यक कार्यों की लिस्ट बनवा रहा हूं। विंध्य के जाने.माने नेता और उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला से मिलकर कार्यों को अंतिम रूप देने का प्रयास चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव सहित सभी मंत्रियों ने क्षेत्र के समग्र विकास के लिये पूर्ण सहयोग की बात कहीं है।

## पार्टी कार्यालय को किया दण्डवत प्रणाम

लोकसभा संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मिश्रा ने सांसद बनने के पश्चात पार्टी कार्यालय में प्रथम आगमन पर पार्टी कार्यालय को दंडवत प्रणाम किया और कहा कि पार्टी कार्यालय हमारा मंदिर है। इस मंदिर से जनता के कल्याणकारी कार्य होंगे।

राष्ट्रीय दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

# मशीन से मूंग निकालते वक्त किसान की दर्दनाक मौत

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान औरैया से ब्यूरो चीफ विपिन मित्तल की रिपोर्ट**



औरैया 20 जून।अजीतमल थाना छेत्र के गांव प्रतापपुर के रहने वाले बृजेश कुमार की खेत में फसल की कटाई के दौरान दर्दनाक मृत्यु हो गई। घटना से पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। गांव के सिपाही लाल का चालीस वर्षीय बेटा ब्रजेश खेत में मूंग की फसल को थ्रेसर से काट रहा था,अचानक मशीन से मूंग निकालते वक्त ब्रजेश का हाथ मशीन में फश जाने के कारण उसकी मौत हो गई ,मौके पर पुलिस ने पहुंचकर परिजनों को ढाढस बंधवाया, और लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक ब्रजेश विद्या राम गिरधारीपुर निवासी के खेत शहबाजपुर में बलकट पर रखे हुए था। आज सुबह मूंग काटते समय दर्दनाक मृत्यु हो गई घटना की मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची।थ्रेसर में घुसे शव को काफी मशक्कत के बाद निकालकर पंच नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

मृतक की पत्नी नगीना देवी पुत्र रितुल 18 वर्ष पुत्री नेहा और सिपाही लाल पिता, माता तारा देवी सभी लोग हादसे से आहत है। मृतक ने अपनी पुत्री की शादी इटावा में 1 वर्ष पूर्व की थी। मृतक के भाई साहब सिंह 35 इस दर्दनाक हादसे से दुखी है। मृतक बृजेश मजदूरी कर अपने परिवार का भरण

पोषण करता था। हादसे की सूचना मिलते ही तत्कल कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह ने मय पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच कर परिजनों को ढाढस बंधाया।

## अल्टीमेटम के बाद गरजा बाबा का बुलडोजर, नगर पालिका टीम ने हटाया अतिक्रमण

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झांसी से ब्यूरो गिरवर सिंह कि रिपोर्ट

झांसी की मऊरानीपुर नगर में नगरपालिका की वेश कीमती जमीन पर नगर के दुकान दांरो ने अपनी अपनी दुकानें आगे की ओर बढ़ाकर अवेध निर्माण कर कब्जा कर लिया गया बोट की राजनीति के चलते इन दुकान दारों को नगरपालिका द्वारा अवेध कब्जा करने बालो को कभी भी नोटिस नही दिया गया लेकिन वर्तमान नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा अवेध अतिक्रमण हटाने का बीड़ा उठाया और नगर पालिका परिषद के द्वारा नगर में अतिक्रमण कारियो को लगभग एक माह पूर्व सूचना दी थी कि नगरपालिका की जगह से स्वयं अतिक्रमण हटा लें लेकिन किसी के द्वारा अतिक्रमण नही हटाया गया बुधवार को समय पूरा होने पर नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी के नेतृत्व में आज नगर पालिका की टीम मौके पर पहुचीं और सुख नई नदी से लेकर अम्बेडकर तिराहे तक का अतिक्रमण हटाया जाने शुरू हो गया इसमे विना किसी भेद भाव के अवेध कब्जा से अतिक्रमण हटाया गया इस मौके पर उपजिलाधिकारी क्षेत्रधिकारी व भारी पुलिस बल के साथ कोतवाली प्रभारी मौजूद रहे ।।





### नवीन माध्यमिक शाला खमखेरा में भविष्य से भेट कार्यक्रम का आयोजन हुआ

दमोह। 20 जून 20 जून 2024 राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान एकीकृत नवीन माध्यमिक शाला खमखेरा में भविष्य से भेट कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिकों द्वारा अपने अपने विचार व्यक्त किए एवं ब्रजेश ब्रज द्वारा गिटार बादन से सभी प्रकार के गीत एवं भजन बुदेली भाषा में सुनाएं गए जो सभी बच्चों एवं अभिभावकों को अच्छे लगें इसके बाद सभी बच्चों को स्वल्पाहार एवं टॉफी वितरण भी की गई। इसके बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। जिसमें कार्यक्रम में सभी गणमान्य व्यक्ति एवं शाला के सभी बच्चों उपस्थित रहें। अरूण टंडन, धर्मेन्द्र चोबे एडवोकेट, वरिष्ठ शिक्षक अजय कुमार नामदेव, नारायण प्रसाद अहिरवार, भुवानी प्रसाद सोनी, प्र.अ. एन.एम.एस. खमखेंरा, अशोंक कुमार अहिरवार, ब्रजेश ब्रज सिंगर, विकास राय, सलमान खान, शिक्षिका क्रांति अहिरवार, प्रियंका सोनी, जया मेडम, शिल्पी यादव आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अन्य सभी की उपस्थिती रहीं।

### ट पेपर लीक एवं नर्सिंग घोटाले को लेकर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

दमोह। 20.602024 राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान24 तारीख को कांग्रेस जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में नीट पेपर लींक एवं नर्सिंग घोटाले को लेकर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन स्थानीय बस स्टेंड चौराहे पर 21 जून 2024 दिनं शुक्रवार शाम 4 बजें आयोजित है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा है। प्रदेश एवं देश में अब तक की जितनी परीक्षा हो रही है। इन पेपरों में गडवड़ झाला करके पेपर लीक किये जा रहे है। और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। सत्ता की खातिर भारतीय जनता पाटी होन हार छात्र-छात्राओं के भविष्य से खेल रही है। हाल ही में नर्सिंग परीक्षा एवं नीट के पेपर की जांच को लेकर स्थानीय बस स्टैंड पर शाम 4 बजें से कांग्रेस का धरना प्रर्दशन आयोजित किया गया है। धरना में जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन, पूर्व विधायक अजय टंडन ने समस्त कांग्रेस जनों, छात्र-छात्राओं, युवाओं एवं आम जन मानस से धरना प्रर्दशन में अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

### कांग्रेस जनों ने राहुल गांधी का हर्ष उल्लास के साथ जन्मदिन मनाया

दमोह। जिला कांग्रेस कार्यालय में बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेस जनों के बीच सांसद राहुल गांधी जी का जन्मदिन मनाया गया जिसमें कांग्रेस कमेटी के सभी मोर्चा संगठन समस्त प्रकोष्ठ मंडल सेक्टर एवं वूत प्रभारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर समस्त कांग्रेस जनों ने राहुल गांधी के जन्मदिन को हर्ष उल्लास के साथ मनाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने मिष्ठान का वितरण करते हुए कहा कि भारत देश में आम जन मानस राहुल गांधी को देश का होन हार नेता मानते हुए उनकी लोकप्रियता दिनो दिन देश में बढ़ रही है एवं आने वाले समय में वह देश का नेतृत्व करेंगे। अभी हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में जिस प्रकार राहुल गांधी ने कांग्रेस में एक नई ऊर्जा का संचार करते हुए कांग्रेस को एवं सहयोगी दलों के माध्यम से 237 सीटे दिलाने में अहम भूमिका निभाई वह अभूत पूर्ण जनादेश है। इस अवसर पर पूर्व विधायक अजय टंडन, मनु मिश्रा, वीरेंद्र सिंह राजपूत, नितिन मिश्रा, विजय बहादुर सिंह, समीम कुरेशी, विक्रम ठाकुर, विजय कर्माकर ने भी राहुल गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में रियाज खान, अरुण मिश्रा, आशीष पटेल, राकेश राय, मानक अहिरवार, अमित नामदेव, अमर सिंह, पप्पू कसोटया, चिश्ती, अंकित आजाद, अरुण दुबे, चंद्रशेखर राय एवं समस्त कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

### शहर कोतवाली, स्वाट टीम ने मुठभेड़ के बाद पकड़ा बदमाश, साथी फरार

मथुरा(नीरज चतुर्वेदी )। थाना कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम की बुधवार रात बाजना पुल के समीप गश्त के दौरान बदमाशों से मुठभेड़ हो गयी। पुलिस की गोली लगने से एक युवक चायल हो गया, जबकि उसका साथी भाग गया। पुलिस घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेज फरार बदमाश की तलाश कर रही है। बुधवार रात प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रवि त्यागी, स्वाट टीम प्रभारी अभय शर्मा पुलिस टीम के साथ वांछितों की तलाश में क्षेत्र में गश्त पर थे। देर रात करीब 11:30 बजे गश्त के दौरान बाजना पुल के समीप बाइक सवार युवकों को रोकने का इशारा किया तो पुलिस टीम को देख बाइक सवारों ने फायरिंग कर दी और बाइक छोड़ भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए जवाबी फायरिंग की।



कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि त्यागी ने बताया कि इस दौरान पैर में गोली लगने से नीरज गोतम निवासी पूजा एन्क्लेव, कृष्णानगर घायल हो गया। पुलिस ने इसके कब्जे से तमंचा, कारतूस और बिना नम्बर प्लेट की बाइक बरामद की। घायल को उपचार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि इस दौरान भागे उसका साथी मोहित पंडित निवासी अल्लेपुर, जैत की पुलिस टीम तलाश कर रही है।

# हर घर के उत्सव के रूप में हो श्रीकृष्ण 5251 वां प्राकट्योत्सव: गोविन्दानंद तीर्थ

**संत समाज ने चंद्रोदय मंदिर में बैठक कर व्यक्त किए अपने विचार**

मथुरा(नीरज चतुर्वेदी )। श्रीकृष्णाअवतारतो गताब्दाः 5250 विक्रम संवत 2081(वर्ष 2024) में पूर्ण होने के अवसर पर योगिराज भगवान श्रीकृष्ण के 5251वें प्राकट्योत्सव को भव्य एवं दिव्य रूप में सम्पूर्ण विश्व में प्रचार प्रसार के साथ मनाने के लिए गुरुवार संत समाज की गोष्ठी का आयोजन श्याम सुन्दर दास के शंख उद्घोष के साथ वृन्दावन स्थित चंद्रोदय मंदिर प्रांगण में किया गया।

गोष्ठी में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव को वर्ष पर्यंत मनाने के लिए विभिन्न विचारों का आदान प्रदान संतों के मध्य हुआ। सभी संतों ने पूर्ण उत्साह एवं तथ्यों के साथ व्यापक स्तर पर अनेकानेक कार्यक्रमों के सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री गोविन्दानंद तीर्थ जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का 5251वां महोत्सव संत समाज के मध्य एक विशेष उत्साह का अवसर लेकर आया है। यह उत्सव मेरे घर का उत्सव है इस विचार को




जन मानस के अंतःकरण तक पहुंचाने का संकल्प लिया जाए, विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के सभी कलाओं का प्रचार प्रसार सम्पूर्ण विश्व में करने का अवसर प्रदान करता है।इस दौरान चतुर्थ सम्प्रदाय प्रमुख श्री फूलडोल बिहारी दास जी महाराज ने आश्वस्त किया कि धर्म संसद के माध्यम से, सनातन के लिए कार्य करने वाले समाजिक संगठनों के माध्यम से एवं विभिन्न सम्प्रदायों को साथ लेकर इस जन्माष्टमी का भव्यता के साथ मनाने का आवाहन किया जाएगा। श्री बलराम बाबा ने कहा कि वर्तमान में सभी धर्म के लोग भगवान श्रीकृष्ण को उनकी लीलाओं के माध्यम से जान रहे हैं और हमें सम्पूर्ण विश्व में कृष्ण भावनामृत का विकास करना है। श्री राधा रमण मंदिर के सेवायत श्रीवत्स गोस्वामी ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हम अलौकिक 5251कृष्णाब्द में हैं। अतः इस जन्माष्टमी को 5000 गुणित उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस संदर्भ में सभी संतों, महंतों, भक्तों ने सभी विषयों पर सहमती जताते हुए पुनः शीघ्र बैठक के लिए प्रस्ताव पारित किया। गोकुल के पंकज बाबा ने कहा कि कार्यक्रम का प्रचार प्रसार सोशल मीडिया के माध्यम से किया जाना चाहिए। इस संदर्भ में इन संतों ने सुझाव दिए श्रीलाडली शरण, अच्युत लाल भट्ट, महेशानंद सरस्वती, गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी, आचार्य बद्रीश, सच्चिदानंद शास्त्री, सुन्दर दास, दशरथ दास, कृष्णानंद, मोहिनी बिहारी शरण, बिहारी दास, वेणु गोपाल दास, पंकज बाबा, मरूतिनंदन, नवल गिरी, मकरंद चतुर्वेदी, गोस्वामी शैलेन्द्र नाथ, चन्द्र दास, सत्यमित्रा नंद, स्वामी यज्ञ देव, श्रीयति महाराज, सुशील गोस्वामी आदि। धन्यवाद ज्ञापन गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

# अजय सिंह को सौंपी जाए प्रदेश कांग्रेस की कमान –आकाश राज पाण्डेय

**सीधी।**

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता आकाश राज पांडे ने विज्ञप्ति माध्यम से कहा कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस तभी मजबूत होगी जब प्रदेश कांग्रेस की कमान पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया को सौंपी जाएगी। म.प्र. में विगत विधानसभा एवं लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन और मजबूत नेतृत्व के अभाव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल टूट चुका है। ऐसे में प्रदेश को मजबूत एवं अनुभवी नेतृत्व की आवश्यकता है। वर्तमान समय को देखते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल को मध्य प्रदेश कांग्रेस की कमान सौंपी जानी चाहिए पूर्व नेता प्रतिपक्ष चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल का पूरे प्रदेश के कार्यकर्ताओं में अच्छी पकड़ है और उनके अनुभव से प्रदेश कांग्रेस मजबूत होगी। कांग्रेस को वही मजबूत नेतृत्व देकर पुनः प्रदेश में कार्यकर्ताओं के अंदर उत्साह और ऊर्जा भर सकते हैं, विगत विधानसभा के चुनाव और लोकसभा के चुनाव में प्रदेश नेतृत्व का कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद और जुड़ाव ना होने के कारण कांग्रेस बहुत पीछे गई। कार्यकर्ता पूरी तरह




से हतोत्साहित हो गए जबकि 2018 के विधानसभा के चुनावों में जब पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल और अरुण यादव के नेतृत्व में चुनाव लड़ा गया था तब मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी थी लेकिन तब के कांग्रेस के मुखिया प्रदेश में कांग्रेस की सरकार को नहीं संभाल सके और सरकार गिर गई आज एक बार फिर सशक्त नेतृत्व की आवश्यकता है और वह नेतृत्व अजय सिंह राहुल प्रदान कर सकते हैं।

### मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के अंतर्गत 15 अगस्त तक की अवधि बंद ऋतु में मत्स्याखेट/परिवहन/विक्रय किया गया निषेध

दमोह से राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरी हिंदुस्तान जिला प्रमुख की रिपोर्ट

दमोह ~ 20 जून 2024 कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले की समस्त मत्स्योद्योग सहकारी समितियों एवं मत्स्य पालकों से कहा है कि मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक की अवधि बंद ऋतु में मत्स्याखेट/परिवहन/विक्रय निषेध किया गया है। मध्यप्रदेश शासन मछली पालन विभाग के अनुसार ग्रामीण तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी से नहीं है, और जिन्हे निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है, को छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में बंद ऋतु में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

उन्होंने समस्त संबंधितों से कहा है उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाये। बंद ऋतु की अवधि में अवैधानिक मत्स्याखेट/परिवहन/क्रय/विक्रय आदि करते पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध अधिनियम के प्रावधानों एवं शासन निर्देशों के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी, जिसमें दोषी को 5000 रूपये जुर्माना या एक वर्ष का कारावास अथवा दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है।

### राज्यमंत्री श्री पटेल आज 20 जून को आयेंगे दमोह, होंगे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल

दमोह। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल आज 20 जून को भोपाल से रवाना होकर शाम 7 बजे दमोह पहुंचेंगे एवं स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होकर रात्रि विश्राम दमोह में ही करेंगे।

राज्यमंत्री श्री पटेल 21 जून को प्रातः 6 बजे शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात आप श्री अन्न संवर्धन अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। शेष कार्यक्रम पृथक से जारी किए जाएंगे।

# विधायक ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण, लगाई फटकार





**सीधी।**

गुरूवार को विधायक श्रीमती रीती पाठक जिला चिकित्सालय में मूलभूत सुविधाओं का औचक निरीक्षण कर वार्ड में भर्ती मरीजों से चिकित्सा सुविधाओं के विषय में सीधे जानकारी ली। मरीजों से पूछा कि उन्हें अस्पताल से दवाएं मिलती हैं या नहीं और ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर मरीजों को देखते हैं या नहीं। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी रजिस्टर, एनसीआर वार्ड, पीएनसी वार्ड, प्री डिलीवरी वार्ड, ओटी कक्ष, हीट बेब वार्ड निरीक्षण कर उपस्थित मरीजों से वार्तालाप किया एवं खानपान के बारे में जानकारी लिए। कर्मचारियों को ड्रेस कोड में रहने आदि के सम्बंध में निर्माण कार्य एवं मरीजों को बेहतर इलाज व सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु अस्पताल के वार्डों का सघन निरीक्षण करते हुए साफ सफाई एवं दवाओं की उपलब्धता को देखा एवं चिकित्सा प्रणाली को बेहतर से बेहतर बनाने के सम्बंधित को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गयें वहीं लचर व्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए फटकार भी लगाई गयी।

इस दौरान विश्वबंधु धर द्विवेदी, सुधीर शुक्ला, रविचन्द सिंह, बद्री मिश्रा, पुष्पराज सिंह, शुभम जायसवाल, प्रमोद जायसवाल, अमन पाठक, रोशन वर्मा, कलेक्टर, अपर कलेक्टर, डॉक्टर जिला प्रशासन अधिकारी उपस्थित रहें।

# कस्बा टांडा में किराना दुकान तथा अन्य दुकानों मे चोरी करने वाली गैंग का मास्टरमाइन्ड अवैध शराब के साथ पकडाया व पुछताछ में करबा टांडा में चोरी करना स्वीकार किया

धार / टांडा - पुलिस अधीक्षक धार श्री मनोजकुमार सिह के निरदेशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार श्री इन्द्रजीत बाकलवार एवं एसडीओपी कुक्षी श्री सुनिल गुप्ता के मार्गदर्शन में चोरों की धपक्कड तथा अवैध शराब जुआ,मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 20.06.2024 को थाना टांडा प्रभारी उनि जीएस भयडिया व टीम को मुखबीर से सुचना प्राप्त हुई की भीलखेडी तरफ से एक व्यक्ति बिना नम्बर की होण्डासाईन मोटरसायकल पर दोनों तरफ बोरीयों व पेट्रोल की टंकी पर देसी प्लेन शराब की पेटियां रखकर बेचने हेतु मुहाजा फाटा तरफ आ रहा कच्चे रास्ते से होकर कालीदेवी तरफ जाने वाला है। मुखबीर की सुचना पर थाना प्रभारी टाण्डा उनि जीएस भयडिया व टीम द्वारा त्वरित व विधिसगंत कार्यवाही करते हुए टाण्डा राजगढ रोड मुहाजा फाटा पहुचकर नाकाबन्दी कर भीलखेडी राजगढ तरफ से आ रहे बिना नम्बर की होण्डासाईन मोटरसायकल सहित आरोपी महेश पिता रेतु बारिया जाति भील निवासी ग्राम कालीदेवी को मय अवैध शराब 07 पेटी देसी प्लेन शराब कुल 63 बल्क लीटर किमती 28,000 रुपये व चोरी की होण्डासाईन मोटरसायकल किमती 30,000



रुपये के पकडा । आरोपी महेश बारिया निवासी कालीदेवी के विरुध्द थाना टांडा पर अपराध क्रमांक 226/2024 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम का पंजीबध्द किया गया है

गिरफ्तारशुदा आरोपी महेश पिता रेतु बारिया जाति भील निवासी ग्राम कालीदेवी से प्रकरण में जप्तशुदा बिना नम्बर की होण्डासाईन मोटरसायकल के सबंध में पुछताछ करते चोरी की मोटरसायकल होना बताया बाद आरोपी महेश बारिया से अन्य संपत्ति संबंधी चोरी नकबजनी के अपराध में मनोवैज्ञानिक,तकनीकी तथा हिकमत-अमली से पुछताछ करते आरोपी महेश बारिया द्वारा अपने अन्य तीन साथीयों के साथ मिलकर दिनांक 10.06.2024 व 11.06.2024 की रात्रि में टांडा मैनरोड पर स्थित किराना दुकान तथा अन्य दुकानों से किराना सामान, नगदी व अन्य सामान चोरी करना कबुल किया । जिसका अपराध क्रमांक 215/24 धारा 457,380 आईपीसी का पंजीबद्ध है !आरोपी के अन्य साथीयों की तलास की जा रही है । आरोपी महेश बारिया द्वारा अपने आप को गैंग का मास्टरमाईड व गैंग लीडर होना बताया तथा साथीयों के साथ मिलकर कस्बा टांडा तथा अन्यत्र जाकर चोरी की वारदात करना बताया । आरोपी महेश बारिया के आपराधिक रिकार्ड की जानकारी आसपास के थानों व जिलों से प्राप्त की जा रही है। जल्द अन्य फरार आरोपीयों को गिरफ्तार किया जायेगा !

उपरोक्त कार्यवाही करने में थाना प्रभारी जीएस भयडिया, उनि रमेशचद्ध नायक.सउनि दिवाकरसिह बैस.सउनि _ रामसिह हटिला, सउनि_शराफत कुरैशी प्रआर. मनोजकुमार बर्डे, प्रआर.रामकरण चौहान, प्रआर.गंगाराम बामनिया,प्रआर रामसिह सस्तिया आर.सुरेश ओहरिया आर.मनीष आर राहल भदौरिया आर राहुल चौहान, आर. सुनिल पंवार, आर राजकुमार गर्जर सैनिक बहादुरसिह की सराहनीय भुमिका रही है।

# ग्राम पंचायत औरापानी के सरपंच सचिव से कब होगी वसूली




दैनिक केसरिया हिंदुस्तान आदेगांव- सिवनी जिले के ईमानदार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी की ईमानदारी पर भी सरपंच सचिव कर रहे चैलेंज ग्राम पंचायत औरापानी के सरपंच रामस्वरूप सरयाम एवं प्रभारी सचिव अशोक दुबे भ्रष्टाचार इतना बड़ा की वार्ड पंचों सहित ग्रामीणों को इनकी शिकायत जिला पंचायत सिवनी में करनी पड़ी जिसकी विधिवत जनपद पंचायत लखनादौन के सीईओ के केरैकवार द्वारा शिकायत की जांच की गई और बड़ी ही इमानदारी से इन भ्रष्टाचारियों की जांच की गई जांचकर दिनांक 03/10/23 को जिला पंचायत सीईओ श्रीमान नवजीवन पवार के समक्ष 23 लाख 08 हजार 940 रुपये की आर्थिक हानि की रिपोर्ट पेश की गई जिसकी सरपंच सचिव के विरुद्ध न्यायालय जिला पंचायत सिवनी में दिनांक 21/10/23 को विधिवत मामला पंजीबद्ध किया गया है जिसकी न्यायालय जिला पंचायत सिवनी में सरपंच सचिव को पेशी भी दी जा रही है और बाकायदा सचिव अशोक दुबे पेशी में भी जा रहे हैं आखिर कब तक चलेगा इन पेशियों का दौर सरपंच रामस्वरूप सरयाम एवं सचिव अशोक दुबे आज भी इसी ग्राम पंचायत में धड़ल्ले से फर्जी भुगतान कर रहे हैं पूर्व में हुए भ्रष्टाचार का मामला जिला पंचायत सिवनी के न्यायालय में पंजीबद्ध है मगर देखो इन भ्रष्टाचारियों के हौसले देखिए साहब दिन व दिन नए-नए बिल लगाकर फर्जी तरीके से कर रहे शासकीय राशि आहरण इन्हें प्रशासनिक अधिकारियों का नहीं है जरा भी खौफ अगर इनको प्रशासनिक अधिकारियों का डर होता तो फर्जी बिल लगाकर नहीं करते भुगतान मगर ऐसा नहीं है नहीं मालूम किस राजनेता का संरक्षण इनको प्राप्त है जिनके आशीर्वाद से दिन दूने रात चौगने हो रहे धड़ल्ले से फर्जी भुगतान अगर इन भ्रष्टाचारियों पर लगाम नहीं लगाई गई तो और भी होंगे आये दिन फर्जी भुगतान क्या मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी नवजीवन पवार लेंगे मामले में संज्ञान या होता रहेगा भ्रष्टाचार



# कलेक्टर भिण्ड ने अवैध रेत खनन पर की छापामार कर्रवाई

## ग्राम अतरसूमा में दो पनडुब्बी जप्त की*

## *खनिज का अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर कार्रवाई निरंतर रहेगी जारी*

गोपाल त्रिपाठी की रिपोर्ट. /*भिण्ड 19 जून 2024/*

कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने ग्राम अतरसूमा में छापामार कार्रवाई कर सिंध नदी के किनारे रेत के अवैध उत्खनन में लगी दो पनडुब्बी को मौके पर जप्त कराई गई। कलेक्टर भिण्ड श्रीवास्तव जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने हेतु निरंतर कार्रवाई कर रहे हैं।

आज रात्रि लगभग 11 बजे कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव मुख्यालय से रवाना हुए और ऊमरी तहसील के ग्राम अतरसूमा में पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान सिंध नदी के किनारे बीहड़ में रेत का बिना अनुमति खनन कार्य हेतु रखी दो पनडुब्बी मौके पर पाई गई। तुरंत ही खनन अधिकारी को मौके पर बुलाकर दोनों पनडुब्बियों को मय इंजन, समान जप्त करने के निर्देश माइनिंग इंस्पेक्टर को दिए। दोनों पनडुब्बियों को मय समान जप्त कर नवीन तहसील कार्यालय भिण्ड में सुरक्षार्थ रखवाया गया है। कलेक्टर भिण्ड श्रीवास्तव ने जिला खनिज विभाग अधिकारियों को निर्देशित कर कहा कि खनिज का अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर कार्रवाई निरंतर जारी रहना चाहिए, जिले में कहीं भी अवैध माइनिंग नहीं होनी चाहिए, इस प्रकार का मामला सामने आने पर जप्ती कर खनिज नियम के तहत् तत्काल कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए।

# रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शवःटीकमगढ़-छतरपुर रेलवे ट्रैक की घटना, जांच में जुटी देहात थाना पुलिस

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मनोज सिंह/जिला ब्यूरो

टीकमगढ़।टीकमगढ़-छतरपुर रेलवे ट्रैक पर गुरुवार सुबह करीब 11 बजे एक व्यक्ति का शव मिला। घटना दुर्गापुर गांव के पास की है, जानकारी लगते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने देहात थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है। पास रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। जानकारी लगते ही पुलिस टीम मौके पर रवाना की गई। घटना स्थल पर



पहुंचकर लोगों से पूछताछ के बाद मृतक की पहचान कराई गई। इस दौरान मृतक की पहचान 35 वर्षीय राममिलन पाल निवासी दुर्गापुर के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि ट्रेन से कटकर युवक का शव बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई के बाद मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक के परिजनों को बुलाकर पूछताछ की जा रही है। फिलहाल मौत के कारणों का पता नहीं चला है। जांच के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो सकेगा। मृतक का जिला अस्पताल में पीएम कराया जा रहा है। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# जिला केमिस्ट एसोसिएशन ने दिया ज्ञापन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विकास यादव खरगोन जिला ब्यूरो चीफ मो 8719834344

मंडलेश्वर~ जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने अपने केमिस्ट साथी सोमाखेड़ी निवासी सुभाष शर्मा के घर एवं दुकान पर हुई चोरी पर पुलिस द्वारा कार्यवाही नही किए जाने संबंधी ज्ञापन एसडीएम अनिल कुमार जैन को सौंपा।



एसोसिएशन के अध्यक्ष लोकेंद्र छाजेड़ ने जानकारी देते हुए बताया की ग्राम सोमाखेडी के केमिस्ट साथी सुभाष शर्मा के घर एवं दुकान पर लगभग 10 लाख की चोरी की रिपोर्ट थाना मंडलेश्वर में दर्ज करवाई गई थी। सुभाष शर्मा ने सीसीटीवी फुटेज एवं शक की आधार पर थाना प्रभारी को कुछ क्लू भी उपलब्ध करवाए थे। लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नही हुई है। एसोसिएशन ने ज्ञापन के माध्यम से एसडीएम जैन से मांग करते हुए कहा की आवश्यक कार्यवाही करते हुए आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। थाना प्रभारी करण सिंह परमार ने सोमाखेड़ी निवासी सुभाष शर्मा के घर एवं दुकान पर हुई चोरी के प्रकरण पर चर्चा के दौरान बताया की हमारी जांच चल रही है। एक आरोपी को हमने चिन्हित भी किया है। पर अभी वो फरार चल रहा है। जैसे ही वो पुलिस की गिरफ्त ने आयेगा मामले का खुलासा हो जायेगा।

# प्रधानमंत्री श्री मोदी जो कहते है, वो करके दिखाते हैं - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि से किसानों के जीवन में खुशहाली का नया अध्याय आरंभ होगा*

## प्रधानमंत्री श्री मोदी का एमएसपी में वृद्धि के लिए मुख्यमंत्री ने माना आभार

*भिण्ड 20 जून 2024/*

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा विपणन सत्र 2024-25 के लिए सभी आवश्यक खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी देने से किसानों को बड़ी आर्थिक मदद मिलेगी और उनके जीवन का एक नया अध्याय आरंभ होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी की यह पहल जनकल्याण की भावना से किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली सिद्ध होगी। एमएसपी में इस वृद्धि से प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा अन्नदाताओं को दी गई पहली गारंटी पूर्ण होगी और देश की अर्थव्यवस्था पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एमएसपी में वृद्धि के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार माना और किसानों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

### सुनिश्चित होगा उपज का लाभकारी मूल्य*

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 14 प्रकार की फसलों के मूल्यों में वृद्धि की गई है। समर्थन मूल्य पर की गई यह वृद्धि सिद्ध करती है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं। धान का समर्थन मूल्य 2 हजार 300 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है, इसमें 117 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई है। अब कपास का न्यूनतम समर्थन मूल्य 7 हजार 521 रुपये होगा, यह पिछली दर से 501 रुपये प्रति क्विंटल अधिक है। इसी प्रकार उत्पादकों को उनके उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, तुअर, मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी, तिल, रामतिल आदि के न्यूनतम मूल्य में वृद्धि की गई है।

### तिल की दर में हुई 632 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की मंशा किसानों की आय बढ़ाना है, उन्होंने हाल ही में किसान सम्मान निधि जारी कर किसानों की मदद की है। समर्थन मूल्य पर की गई वृद्धि से हाईब्रिड ज्वार अब 3 हजार 371 रुपये, मालदंडी ज्वार 3 हजार 421 रुपये प्रति क्विंटल और बाजरा 2 हजार 625 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर खरीदा जाएगा। रागी 4 हजार 290 रुपये प्रति क्विंटल खरीदने के लिए दरों में 444 रुपये की वृद्धि की गई है। मक्का अब 2 हजार 225 रुपये प्रति क्विंटल खरीदी जाएगी। सोयाबीन में 292 रुपये की वृद्धि की गई है, अब यह 4 हजार 892 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर खरीदा जाएगा। तिल की दर में 632 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है, अब यह 9 हजार 267 रुपये प्रति क्विंटल की दर से लिया जाएगा।

टीकमगढ़ जिला अस्पताल की पहलः

# बाइक चोरी रोकने कराया जा रहा अनाउंसमेंट, पार्किंग एरिया में लगाए सीसीटीवी



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

मनोज सिंह/ जिला ब्यूरो

टीकमगढ़। शहर के जिला अस्पताल में बाइक चोरी की घटनाएं रोकने के लिए अनाउंसमेंट सिस्टम लागू किया गया है। अस्पताल परिसर में बनी पार्किंग में पुलिस और अस्पताल प्रबंधन के सहयोग से माइक से लगातार अनाउंसमेंट कराया जा रहा है। लोगों को वाहनों की सुरक्षा को लेकर जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा पार्किंग एरिया में सीसीटीवी कैमरे भी बढ़ा दिए गए हैं।

दरअसल, जिला अस्पताल में हर दिन सैकड़ों की संख्या में लोग उपचार कराने आते हैं। पिछले तीन माह के दौरान अस्पताल परिसर में 6 से ज्यादा बाइक चोरी की घटनाएं सामने आई है। लगातार मिल रही शिकायतों के चलते अस्पताल प्रबंधन और अस्पताल चौकी पुलिस ने लोगों की जागरूकता के लिए अनाउंसमेंट सिस्टम शुरू किया है।

पार्किंग एरिया में माइक लगाकर लोगों को अपने वाहनों की सुरक्षा को लेकर जागरूक किया जा रहा है। पुलिस और अस्पताल प्रबंधन के प्रयास के चलते पिछले एक पखवाड़े से बाइक चोरी की घटनाएं थम गई है। लोग अपने वाहनों की सुरक्षा को लेकर सतर्क हो गए हैं। इसके अलावा अस्पताल प्रबंधन ने पार्किंग एरिया के आसपास सीसीटीवी कैमरे भी बढ़ा दिए हैं।

### *पुलिस ने अस्पताल प्रबंधन को दिया था सुझाव*

अस्पताल पुलिस चौकी में पदस्थ निरंजन सिंह ने बताया कि अस्पताल परिसर से लगातार बाइक चोरी की घटनाएं हो रही थी। सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा था। ऐसी स्थिति में

घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा था। ऐसी स्थिति में अस्पताल प्रबंधन को पार्किंग एरिया में माइक लगाकर अनाउंसमेंट कराने का सुझाव दिया गया। जिससे बाइक चोरी की घटनाएं थम गई है।

### *सीसीटीवी कैमरे से रखी जा रही नजर*

इस मामले में सिविल सर्जन डॉक्टर अमित शुक्ला ने बताया कि पार्किंग एरिया में सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए हैं। इसके अलावा सुरक्षा गार्ड भी तैनात किए गए हैं। अनाउंसमेंट के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। तमाम प्रयासों के चलते अस्पताल परिसर से बाइक चोरी की घटनाएं रुक गई हैं।

# टूटी नाली की जाली पार्षद ने रखे पत्थर नगरपालिका नहीं दे रही है ध्यान

सिरोंज/आसिम दाद खान

सिरोंज - नगरपालिका की अनदेखी के कारण राहगीरों को हो रही है परेशानी पुराने बस स्टैंड पर मेन रोड पर नाली की जाली टुटने से मोटरसाइकिल वाले हो रहें हैं घायल जिस की नगरपालिका कर रही है अनदेखी। जाली टूटने से कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा। हादसे का जिम्मेदार कोन होगा। आज इस नाली की शिकायत जब राहगीरों ने पार्षद से की तो वार्ड पार्षद अजमल शेर खान ने पुराने बस स्टैंड पर नाली की टूटी जाली के आस पास पत्थर खुद रखे जिस का विडियो सोशल मीडिया पर किसी व्यक्ति ने पोस्ट किया जब हमने विडियो के सम्बन्ध में वार्ड नंबर 5 के पार्षद अजमल शेर खान से बात की तो पार्षद ने बताया कि मैं पुराने बस स्टैंड की इस नाली की जाली के टूटने की व्यकितगत सुचना दो तीन बार नगरपालिका के अधिकारियों को दे चुका हूँ लेकिन अधिकारियों की अनदेखी के कारण इस नाली पर लगी जाली आज ओर ज़्दा टुट गई जिस की शिकायत मुझे फोन बताई तो मेने जाकर देखा वही पर रखे



पत्थरो को नाली के आस पास रख दिए की कोई घटना ना हो जाए एक दो दिन में नाली की जाली सही कर वा दूगां

# 23 स्वर्ण,10 रजत, 4 कांस्य पदक के साथ प्रेमनगर बंगाली कालीबाड़ी मार्शल आर्ट एकेडमी ने ओवरऑल टीम चैंपियनशिप पर जमाया कब्जा

*राजेंद्र खरे कटनी*

जबलपुर~ ग्रीष्मकालीन जिला स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता हुई सम्पन्न। विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए एकेडमी के संस्थापक राजकुमार यादव एवं आयोजक सचिव जयराज चौधरी ने बताया कि मानव क्रीड़ा एवं कला अकादमी ऑफ इंडिया एवं जबलपुर ताइक्कांडो यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय ग्रीष्मकालीन जिला स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता 2024 का आयोजन रॉक फोर्ड फाउंडेशन स्कूल मदन महल जबलपुर में सम्पन्न कराई गई जिसमें मुख्य रूप से प्रेमनगर बंगाली कालीबाड़ी मार्शल आर्ट एकेडमी, मानकुवॉरी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला, बिलहरी मार्शल आर्ट एकेडमी, श्रीजानकी रमण महाविद्यालय मार्शल आर्ट एकेडमी के खिलाड़ी 65 खिलाड़ियों ने भाग लिया । प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मिलन मुखर्जी अध्यक्ष प्रेमनगर बंगाली कालीबाड़ी समिति, उत्कर्ष गुप्ता संचालक रॉक फोर्ड सोफ्टसोल कम्प्यूटर एकेडमी, नीरज कुमार स्पोर्ट्स डायरेक्टर (हृद्बश्वष्ठस्स्ष्ट), एस.मसीह संचालक



मानकुवॉरी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला,ई.एस.जोसवा प्राचार्या मानकुवॉरी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला,जोसना मुखर्जी, कैप्टन आलोक त्रिवेदी अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महाकौशल समिति जबलपुर, लवकेश उपाध्याय थाना प्रभारी मंचासीन रहे । मनचासीन अतिथियों का स्वागत एकेडमी के संस्थापक अंतराष्ट्रीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षक राजकुमार यादव, आयोजक सचिव जयराज चौधरी, शिवानी बेन ने फूल मालाएं पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया । उक्त प्रतिस्पर्धा में बंगाली कालीबाड़ी मार्शल आर्ट ने 23 स्वर्ण पदक,10 रजत पदक ,4 कांस्य पदक अर्जित कर ओवरऑल टीम चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया वहीं मानवकुंवारी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला ने उपविजेता रहा। प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में निर्णायक मण्डल की भूमिका सुश्री शिवानी बेन, मोहित यादव, मानवराज यादव,अशिता रॉय , वैष्णवी उपाध्याय, अभिषेक पटेल ने निभाई । मनचासीन अतिथियों ने खिलाड़ियों को पदक पहनाकर एवं निर्णायक मण्डल की भूमिका निभा रहे रेफरियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया । प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी ऑफ इंडिया के संस्थापक राजकुमार यादव एवं आयोजक सचिव जयराज चौधरी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित कर आभार व्यक्त किया ।

# राजगढ़ कुशवाह समाज के प्रतिनिधि मंडल ने किया नव- निर्वाचित सांसद भारत सिंह कुशवाह ग्वालियर का स्वागत



**देनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो**

देवीलाल कुशवाह राजगढ़
9630152532

राजगढ़ - बुधवार को कुशवाह समाज राजगढ़ जिले के कार्यकरी जिला अध्यक्ष अमृतलाल कुशवाह कुवरकोठरी एवं युवा जिला अध्यक्ष पवन कुशवाह जीरापर के नेतृत्व मै भोपाल मै होने वाले कार्यक्रम के तहत

अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के तत्वाधान में एवं प्रदेश अध्यक्ष एवं कुश कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री) श्री नारायणसिंह जी( विदिशा) के नेतृत्व में कुशवाह समाज के गौरव आदरणीय श्री भारतसिंह जी कुशवाह (सांसद ग्वालियर) का सम्मान समारोह भोपाल में आयोजित किया गया। जिसमे प्रदेशभर से समाज बंधु एवं भगिनी उपस्थित हुए। मुख्य रूप से राष्ट्रीय महामंत्री एड. अर्जुन जी पटेल, संरक्षक श्री रामविश्वास जी कुशवाह, महिला महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती राधा कुशवाह, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नरेशसिंह जी, राष्ट्रीय सचिव स्मृति जी कुशवाह, राजकुमार सिंह जी (राज्यमंत्री) महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती कुसुम कुशवाह, युवा प्रदेश अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर जी पटेल, प्रेमनारायण जी कुशवाह, भगतसिंह जी कुशवाह, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश जी कुशवाह, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डूंगरसिंह कुशवाह, राजेश जी कुशवाह, भोपाल जिलाध्यक्ष श्री राजुजी कुशवाह, ब्यावरा नपा. अध्यक्ष पवन जी कुशवाह, जीरापुर नप. अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, प्रदेश वक्ता श्री शिवशंकर जी, प्रदेश कोषाध्यक्ष चंद्रेशजी , प्रदेश कार्य समिति एवं पूर्व युवा जिला अध्यक्ष शिवसिंह कुशवाह शिक्षिक राजगढ़ युवा राष्ट्रीय कार्य कारणी सदस्य जिला सचिव राजगढ़ , भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण कुशवाह मानपुरा, भगवान सिंह कुशवाह बिहार जिला उपाध्यक्ष राजगढ़, प्रदेश उपाध्यक्ष गोरिशनकर कुशवाह नृसिंहिगढ़ जिला सहित सभी प्रदेश पदाधिकारी व जिलों के जिलाध्यक्ष अपनी टीम सहित पधारे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री दिलीप जी कुशवाहा एवं राजेश जी कुशवाह ने किया।

# धर्म करे धन घटे,घटे न सरिता नीर। परमारथ के कारने साधुन धरा शरीर।

## अपने पूर्वजों और गुरु के आशीर्वाद के चलते मंदिर और धर्मशाला निर्माण कराने की प्रेरणा मिली।* *(बसंत लाल शर्मा)*



देवेंद्र शर्मा देवू की कलम से।

फिरोजाबाद जनपद की तहसील शिकोहाबाद के एक छोटे से गांव साडूपुर मे जन्मे देहली के उद्योगपति बसंत लाल,शर्मा ने अपने बुजुर्गों और गुरु की कृपा के चलते गांव में गोरखनाथ के मंदिर के निर्माण भोलेनाथ,राधाकृष्ण, माता रानी आदि देवी देवताओं की मूर्तियों की स्थापना के साथ वहाँ भव्य मंदिर एवं धर्मशाला का निर्माण कराकर जिस अध्यात्म की परिभाषा का जीवंत उदाहरण पेश किया है उसकी चारो ओर भूरी भूरी प्रशसा हो रही है।मंदिर और धर्मशाला के निर्माण उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें देश विभिन्न प्रदेशों से मैथिल ब्राह्मण समाज के विद्वानों, बुजुर्गों,के साथ साथ अखिल भारतीय मैथिल कल्याण महासभा के राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक संगठनों के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थित से ऐसा प्रतीत हो रहा था,कि बसंत लाल शर्मा जी, ने जंगल मे मंगल वाली कहावत को चरितार्थ कर दिया।मंदिर परिसर में बने धर्मशाला बनाने के उद्देश्य के विषय मे हमारे यूपी हैड देवेंद्र शर्मा देवू द्वारा बसंत लाल शर्मा से पूछने पर उन्होंने बताया कि इसकी प्रेरणा मुझे मेरे पूर्वजों और गुरु के आशीर्वाद से मिली,और उन्हीं के आशीर्वाद के बल यह संकल्प पूरा हुआ।उन्होंने बताया कि छोटे से गांव में होने वाले शुभ कार्यक्रमों हेतु कोई ऐसा स्थान नहीं था जहाँ इन कार्यक्रमों को किया जा सके।आज मेरे क्षेत्र के लोगों को कम से कम अपने शुभ कार्यक्रमों के लिए कही भटकना नहीं पड़ेगा।अंत मे उन्होंने देश के विभिन्न प्रदेशों से आये मैथिल ब्राह्मणों को माल्यार्पण कर उन्हें पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया।इस अवसर पर अखिल भारतीय मैथिल कल्याण महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक सर्वेश शर्मा, राष्ट्रीय संयोजक बी0एस0झा,राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा,राष्ट्रीय महासचिव उदित शर्मा,राजेश शर्मा,राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी देवेंद्र शर्मा देवू, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष हरिओम शर्मा,सीमा झा,अलका शर्मा,जैनंदन शर्मा,पप्पू।लाल झा,सन्दीप शर्मा,अनिल शर्मा,भूपेंद्र,शर्मा, अजीत शर्मा,पुरुषोत्तम शर्मा,अशोक शर्मा,सोनू शर्मा, सुनील शर्मा,के अलावा हजारों की संख्या में समाज के व्यक्तियों के साथ साथ मातृशक्ति उपस्थित थे।



# जन्मदिन पर रक्तदान शिविर कर दिया अनोखा संदेश

रिपोर्टर - दिनेश शुक्ला

आलोट- आधुनिक युग में जहां आज हर कोई दिखावे के लिए सब कुछ करने के लिए तैयार हो जाता है और अक्सर देखा गया है कि युवा अपने जन्मदिन पर हजारों रुपए खर्च कर अपने जन्मदिन को मानते हैं परंतु नगर के युवा नकुल खारोल ने एक मिसाल कायम करते हुए अपने जन्मदिन के उपलक्ष पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया रक्तदान शिविर के तहत युवाओं को प्रेरित कर रक्तदान भी करवाया नकुल प्रतिवर्ष अपने जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन करवाते आ रहे हैं उसी के चलते आज भी शासकीय चिकित्सालय परिसर आलोट मैं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया रक्तदान शिविर में रतलाम की टीम के द्वारा रक्त एकत्रित कर रतलाम ब्लड बैंक पर ले जाया गया इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं एवं महिलाओं ने रक्तदान कर इस कार्य को सफल बनाया नकुल खारोल के जन्मदिन के उपलक्ष पर आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 45 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

## स्कूल चले अभियान कार्यक्रम जमूसरकलां में शामिल हुए तहसीलदार अर्जुन मुरलीधर*

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान राजू मेहरा भोपाल.9425727854

बैरसिया।।स्कूल चलें अभियान प्रवेशोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जमूसर कलां में अर्जुन



मुरलीधर तहसीलदार सम्मिलित हुए उन्होंने छात्र-छात्राओं को अध्यापन कार्य कराया व उनके साथ अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा किए व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी,साथ ही संस्था प्राचार्य डॉ विजेन्द्र कटारे ने भी नई शिक्षा नीति में होने वाले नवाचार पर प्रकाश डाला इस गरिमामय अवसर पर हरिसिंह मीणा, प्रदीप गोयल, गजराज सिंह सेन विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिकाऐ व छात्र/छात्राऐं सम्मिलित हुए।

## नव नियुक्त शिक्षकों को सात माह का वेतन दिलाने आस ने की पहल

*सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर मो.7509091263

छतरपुर- जिले के लवकुशनगर विकासखंड में 87 नवनियुक्त प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षक ऐसे हैं,जिन्हे माह अप्रैल से माह अक्तूबर 2023 तक सात माह के वेतन का अभी तक भुगतान नहीं हुआ है।

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अनुपम त्रिपाठी ने बताया कि उक्त 87 नवनियुक्त शिक्षक सात माह का वेतन नहीं मिलने से काफी परेशान हैं।उक्त



शिक्षकों द्वारा संकुल से लेकर विकास खंड शिक्षा अधिकारी तक से वेतन की मांग कई बार की गई है।लेकिन अभी तक मानदेय प्राप्त न होने से उक्त शिक्षकों ने संघ से हस्तक्षेप करने की मांग की।उक्त नवनियुक्त शिक्षकों को पिछले सात माह का वेतन दिलाने के लिए बीते रोज संघ के प्रतिनिधि मंडल ने जिला कोषालय अधिकारी वी के श्रीवास्तव से मुलाकात कर शीघ्र मानदेय भुगतान कराने में आ रहीं समस्याओं के निराकरण की मांग की।जिसपर जिला कोषालय अधिकारी द्वारा शीघ्र ही प्रक्रिया पूर्ण कर उक्त नवनियुक्त 87 शिक्षकों को सात माह का वेतन जुलाई माह में भुगतान कराने की बात कही है।प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष अनुपम त्रिपाठी,जिला संयोजक जगदीश सोनी,जिला सचिव अनिल शुक्ला व जिला कोषाध्यक्ष राकेश द्विवेदी शामिल रहे।

# फॉर्च्यूनर की टक्कर से किराना व्यवसायी की मौत

## साइकिल से मंदिर दर्शन करने जा रहा था तभी मारी टक्कर, लोगों ने थाने का घेराव किया

रिपोर्टर - दिनेश शुक्ला

आलोट।फॉर्च्यूनर की टक्कर ताल फंटे पर मुकेश पिता राम नारायण राठौर उम्र 45 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से नाराज परिवार जनों ने ताल थाने का घेराव किया है। घटना करीब रात 8ः00 की है।

**मंदिर दर्शन दौरान हुआ हादसा।**

जानकारी के अनुसार मुकेश राठौर अपना प्रतिष्ठान बंद करके साइकिल से दर्शन करने के लिए मंदिर पर जा रहा था तभी सामने महिदपुर रोड तरफ से आई फॉर्च्यूनर से भिड़ंत हो गई। फॉर्च्यूनर के अगले हिस्से से साइकिल टकरा गई जिससे मुकेश राठौर की मौके पर ही मौत हो गई।

**गाड़ी लेकर भागे युवक को पुलिस ने पकडा।**







हादसे के बाद युवक फॉर्चूनर गाडी लेकर मौके से भाग गया तभी परिवार जनों ने इसकी सूचना थाने पर दी ताल पुलिस ने नाकेबंदी करके वाहन को रोककर वहांन व वाहन चालक को अपने गिरफ्त में लिया।

**नाराज परिवार जन ने थाने हंगामा किया।**

घटना से नाराज मुकेश राठौर के परिवार जनों ने ताल थाने में पहुंचकर थाने के बाहर विरोध किया । परिवार जनों का आरोप है कि युवक ओवर स्पीड वाहन चल रहा था जिसके कारण यह घटना घटित हुई है।

ताल पुलिस ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने की धाराओं में गांव नजरपुर तहसील घटिया निवासी युवक लाखन सिंह पीता बालू सिंह मेडिकल का टेस्ट करवा कर कैस दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार फॉर्च्यूनर गाड़ी में दो अन्य व्यक्ति और सवार थे जो मौके से फरार हो गए।

*स्कूल चले हम अभियान*

# विद्यार्थी जिज्ञासा को जीवंत, किताबों को दोस्त और ऊंचा लक्ष्य रखें: कलेक्टर



*सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर*

मो.7509091263

## *प्रश्न पूछने से कभी नहीं डरें, स्वयं को अपना दोस्त बनाएं*

## *कलेक्टर ने कहा अच्छे अचीवर्स बनने के लिए प्रैक्टिस के साथ लगन से पढ़ाई करना जरूरी*

स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत 20 जून को कलेक्टर संदीप जी.आर. ने छतरपुर शहर के शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर स्कूली बच्चों को कैरियर मार्गदर्शन देते हुए मोटिवेट किया। कलेक्टर श्री जी.आर. ने कक्षाओं में बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें उनके बेहतर कैरियर के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा हम जिस भी फील्ड में जाना चाहते हैं उस फील्ड के सबसे बड़े पद को हासिल करने के लिए प्रयास करें और उसी का अपना लक्ष्य बनाए। उन्होंने कहा कुछ विषय समझने के लिए इंटरनेट का प्रयोग करें। उन्होंने कहा विद्यार्थी अपनी जिज्ञासा को हमेशा जीवंत बनाए रखें और किताबों को अपना दोस्त। साथ ही अच्छा अचीवर्स बनने के लिए नियमित प्रैक्टिस और लगन से पढ़ाई करना जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा खुश रहकर पढ़ाई करें एवं अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखें और भोजन में हरी सब्जियां ज्यादा खाएं। कलेक्टर ने बच्चों से उनकी दिनचर्या और उनके लक्ष्य के बारे में पूछा और प्रतिक्रिया ली। जिसमें बच्चों ने डॉक्टर, आईएएस, आईपीएस, शिक्षक एवं इंजीनियर बनने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने बच्चों से स्कूल में शौचालय, खाना, पढ़ाई, पीने का पानी, पुस्तकें आदि सुविधाओं के बारे में पूछा जिसमें बच्चों ने सकारात्मक उत्तर दिए। उन्होंने बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के पुराने पेपर सेट पढ़ने के लिए कहा। इस दौरान जिला शिक्षाधिकारी एम.के. कौटार्य सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जी.आर. ने स्कूल के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण करते हुए अनावश्यक सामग्री डिस्पोज करने तथा स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही बच्चों को सभी पाठ्य पुस्तकें अतिशीघ्र वितरित करने के निर्देश दिए। 20 जून को कलेक्टर श्री जी.आर. के निर्देशानुसार जिले के स्कूलों में अधिकारियों द्वारा कक्षाओं में बच्चों को पढ़ाया गया।





# नोहटा के पास हुए सड़क हादसे में दंपत्ति सवार पत्नी की मौत,पति रेफर

*दैनिक केशरिया न्यूज*

*संभागीय ब्यूरो चीफ-पुरषोत्तम साहू*

*दमोह-* जिले की नोहटा थाना क्षेत्र में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति बुरी तरह घायल हो जाने पर इलाज के लिए पुलिस द्वारा 108 की माध्यम से जिला अस्पताल भिजवाया गया था, जहां दंपत्ति में गेंदा भाई पति नारायण सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी सलैया चौबीसा थाना नोहटा को जिला अस्पताल ड्यूटी डॉक्टर आरिफ खान ने मृत घोषित कर दिया, तो वहीं नारायण सिंह पिता उजयार सिंह उम्र 50 वर्ष निवासी सलैया चौबीसा नोहटा को पैर में गंभीर चोट आने पर जबलपुर पर किया है। इधर मौके पर पहुंची नोहटा पुलिस ने ट्रक और बाइक को कब्जे में ले कर अग्रिम कार्रवाई शुरु कर दी है.

# ग्रामीण क्षेत्र में शुरु हुआ बिल वसूली का विशेष अभियान

मैहर ग्रामीण क्षेत्र में लगातार विधानसभा और उसके बाद लोकसभा चुनावों के कारण लंबे अरसे के बाद बिल जमा न करने वाले बिजली उपभोक्ताओं के विरुद्ध कार्यवाही शुरू हो गई है। जिसको लेकर मैहर में कनिष्क अभियंता लक्ष्मण कुशवाहा के द्वारा टीम गठित की गई और बकायादार बिजली उपभोक्ताओं पर कार्रवाई करना सुनिश्चित किया गया एक लंबे समय से उपभोक्ताओं के द्वारा बिजली का बिल जमा नहीं किया जा रहा है जिसकी वजह से कहीं ना कहीं बिजली विभाग को बिजली बिल नहीं मिलने से सरकारी कोर्स पर असर देखने को मिल रहा है जिसको लेकर आज विद्युत विभाग की टीम द्वारा क्षेत्र में दबिश देते हुए बकायादारों के बिजली कनेक्शन मौके पर काटे गए एवं वसूली की कार्यवाही की गई। इनमे प्रमुख रूप से जय राम ओबेरॉय एवं रंगीला कुशवाहा निवासी पटेहरा के विरुद्ध कार्यवाही की गई। वही कार्रवाई करने के साथ-साथ कनिष्क अभियंता लक्ष्मण कुशवाहा के द्वारा उपभोक्ताओं से भी अपील की गई है कि अपने-अपने घरों का बकाया बिजली का बिल जल्द से जल्द जमा करें जिससे कि किसी भी प्रकार की सुविधाओं का सामना नहीं करना पड़े



# जिला मुख्यालय में नए रेत माफियाओं का हो रहा उदय, फर्जी टीपी और अवैध खनन मामले में जांच प्रारंभ


## बिना टीपी अवैध परिवहन करते नुमान फारूकी की डग्गी पकड़ी थी फॉरेस्ट टीम ने, पेश की गई थी फर्जी टीपी

**शहडोल।**

प्रदेश सरकार ने प्रदेश भर में माफिया मुक्त अभियान चलाकर माफियाओं की कमर तोड़ दी इस बात को लगभग 1 वर्ष हो चुके हैं ऐसे में अब नए माफियाओं का उदय शहडोल जिला मुख्यालय में हो रहा है जिन्हें पुराने नामचीन माफिया संरक्षण दे रहे हैं, बताया जाता है कि शहडोल जिला मुख्यालय के सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मेडिकल कॉलेज के इर्द-गिर्द नए रेत माफिया ने अपना ठिकाना बना रखा है जहां से बड़े पैमाने पर रेत का अवैध भंडारण कर बिक्री किया जाता है। यही नहीं खास बात यह है कि बड़े ट्रांसपोर्टर से डग्गी में रेट लेकर कथित माफिया छोटे वाहनों से उसे शहडोल में कई गुना दाम पर खपाते हैं। सूत्रों की माने तो फैजान और नुमान नामक दो रेत माफिया इस पूरे काम के सरगना बने हुए हैं तो इन्हें ओवरलोड हाईवा में रेत बड़े ट्रांसपोर्टर द्वारा दी जाती है जिसे यह डग्गियों में बिना टीपी शहडोल के कॉलोनी में कई गुना दाम पर बेचते हैं।

### फर्जी टीपी, अवैध रेत

हाल ही में दक्षिण वन मंडल शहडोल डीएफओ एवं उनकी टीम द्वारा आधी रात को जैतपुर में अवैध रेत परिवहन कर रहे एक मिनी ट्रक को जप्त कर लिया गया था जिसमें दूसरे नंबर के हाईवे सीजी पासिंग की टीपी प्रस्तुत की गई थी उक्त वाहन शहडोल निवासी नुमान फारूकी का बताया गया था, गौरतलब है की रेत के मामले में शहडोल में कई बड़े कांड हो चुके हैं ऐसे में कम उम्र में अवैध रेत का परिवहन और इस प्रकार से फर्जी टीपी प्रस्तुत करने जैसे संगीन अपराध कारित कर रहे कथित नए रेत माफिया पर यदि समय रहते लगा नहीं लगाई गई तो निश्चित तौर पर यही आगे चलकर बड़े माफिया का रूप लेकर शहडोल की आबोहवा को खराब करने का काम करेंगे।


Mineral Resources Department, Govt. Of Madhya Pradesh
mining.mp.gov.in

Lease Details & Sand QTY to be Transported:

Details of Registered Vehicle:

1. This eTP is valid, for Transportation of declared Mineral QTY on the date & time issued for
2. The Vehicle registered with MRD for Mineral Transportation & for which this eTP is generated, may only be used for the transportation of the specified Mineral QTY
3. It is mandatory to carry the eTP with the Vehicle during transportation of mineral.

Points to be Noted:

- The authenticity of an eTP may be checked/verified from the website of the department(mining.mp.gov.in) using its unique eTP NO.
- The required Mineral quantity is booked in advance by paying Royalty & Other charges.Out of this quantity specified mineral is transported against eTP
- In reference to the gazette notification,issued by the Mineral Resource Department(MRD),GoMP for Prevention of Illegal Mining,Illegal Transportation & Storage Rules 2006 dated 6th April 2012,all the Vehicles engaged/being used for mineral transportation



### पुराने माफिया दे रहे संरक्षण

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नए-नए रेत कारोबारी अथवा कथित रेत माफिया के हौसले पुराने अपराधियों के संरक्षण में बुलंद हैं तो वही पुराने रेत माफिया द्वारा इन नए युवकों को रेत चोरी अवैध कारोबार में संरक्षण प्राप्त है बताया जाता है कि कोटमा के रेत माफिया द्वारा कथित मिनी ट्रक को एवं कथित रेत कारोबारी द्वारा अवैध रूप से संचालित कराकर रेत की खरीद फरोख्त अथवा चोरी के कार्य को अंजाम दिलाया जा रहा था जिसमें स्थानीय पुलिस सहित अन्य की भूमिका भी संदेह के घेरे में है।

### रेत की कटिंग और पलटी

सूत्रों की मिली जानकारी के अनुसार शहडोल जिला मुख्यालय में चार अलग-अलग ठीहो में रेत की कटिंग की जा रही है रेत की कटिंग से तात्पर्य है कि हाईवे में ओवरलोड रेत लाकर एक स्थान पर अवैध रूप से भंडारन करना बाद में उसे मजदूर अथवा मशीन के माध्यम से मिनी ट्रक में लोड कर कर शहडोल में कई गुना दाम पर बिना टीपी अवैध रूप से बिक्री करना यह काम मुख्य रूप से शहडोल जिला मुख्यालय कोटमा ग्राम में लकी, बस स्टैंड के पेट्रोल पंप के पीछे सोनू तथा मेडिकल कॉलेज के पास कथित नुभान एवं गोरतरा के पास कथित बल्लू नामक युवक द्वारा बड़े पैमाने पर हाईवे को मिनी ट्रक में कन्वर्ट कर अवैध रूप से रेत बिक्री का कार्य किया जा रहा है। सूत्रों की माने तो कथित रेत माफियाओं ने खाकी धारी अलग-अलग आका बनाए हुए हैं तो वहीं कुछ को स्थानीय खादीधारी नेताओं का भी संरक्षण प्राप्त है।

वन विभाग ने शुरू की जांच

जैतपुर अंतर्गत न्यू सोल्ड गाड़ी से अवैध रेत परिवहन एवं पकड़े जाने पर फर्जी टीपी पेश करने के मामले में वन विभाग ने जांच प्रारंभ कर दी है जिसमें वाहन स्वामी नुमान फारूकी को बयान हेतु बुलाया गया था लेकिन नुमान अपने बयान में कायम नहीं थे और दोबारा बयान देने का का कर मौके से रफू चक्कर हो गए बताया जा रहा है कि इस मामले में वाहन स्वामी सहित अन्य कई लोगों को बयान हेतु बुलाया गया है बयान के बाद ही वन विभाग फर्जी टीपी पेश करने के मामले में धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध करने हेतु पुलिस को एवं अवैध परिवहन करने के मामले में खनिज विभाग को पत्राचार करेगी तो वहीं स्थानीय लोगों द्वारा मांग की जा रही है कि अवैध परिवहन मामले में जप्त वाहन पर राजसात की कार्यवाही की जाए। जिस प्रकार से डीएफओ श्रद्धा पेन्द्रों की लोकप्रियता है ऐसे में निश्चित तौर पर कतिथ माफिया पर बड़ी कार्यवाही हो सकती है।

### इनका कहना है

वन विभाग के उड़नदस्ता टीम द्वारा डीएफओ मैडम के नेतृत्व में पकड़े गए अवैध रेत परिवहन कर रहे हैं मिनी ट्रक मामले में जांच प्रारंभ हो गई है वहां स्वामी नमन फारूकी को बयान के लिए बुलाया गया था,वे दुबार बयान देने का कह समय लेकर चले गए हैं, फर्जी टीपी मामले में अन्य को भी जवाब तलब किया गया है बयान के बाद फर्जी टीपी एवं अवैध रेत परिवहन मामले पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

**राहुल शिकरवार**
**रेंजर, जैतपुर क्षेत्र**

# भाजपा मण्डल बिजुरी मे आवश्यक कामकाजी बैठक सम्पन्न





**प्रकाश सिंह परिहार**

शहडोल/अनूपपुर। भारतीय जनता पार्टी के मंडल बिजुरी में अतिआवश्यक कामकाजी बैठक नगर पालिका में संपन्न हुई बैठक मे जिला नेतृत्व के आहवाहन मे आगे होने वाले कार्यक्रम कि विस्तृत चर्चा कि गई जिसमे मण्डल प्रभारी गजेंन्द्र सिंह और मण्डल के अध्यक्ष भूपेंन्द्र महरा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ जिसमे मण्डल के अध्यक्ष भूपेंन्द्र महरा ने पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओ को सम्भोधित करते हुए लोकसभा चुनाव मे जिस प्रकार प्रदेश मे 29 सीट सहित शहडोल लोकसभा मे लगभग 4 लाख वोटो से जीत हासिल हुआ है जिसमे सभी कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त किया गया और जिला नेतृत्व मे होने वाले कार्यक्रम कि जानकारी दी गई। मण्डल के प्रभारी गजेंन्द्र सिंह और नपा बिजुरी कि अध्यक्षा शहबिन पनिका द्वारा कार्यकर्ताओ का अभिवादन सहित होने वाले कार्यक्रम कि विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें प्रमुख रूप से होने वाले योग दिवस कार्यक्रम 21 जून में ज्यादा से ज्यादा सम्मिलित होने की बात कही गई कार्यक्रम स्थान नगरपालिका बिजुरी में सुबह 7:00 बजे योग के साथ शुभारंभ किया जाएगा जिसमें नगर के गणमान्य नागरिको को उपस्थित होने के लिए आग्रह किया गया है उक्त बैठक मे मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र महरा जिले की मंत्री गुंजन साहू नगर पालिका अध्यक्षा शहबिन पनिका उपाध्यक्ष प्रीति शर्मा वरिष्ठ नेता केपी शुक्ला रमाकांत सिंह तरुड़ेंन्द्र सिंह महामंत्री रिंकू शर्मा उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा कैलाश कोल जगदीश केवट महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष कलावती सिंह, राजेंद्र शुक्ला, पूजा करी अन्नु देवी राजा महरा, इस्लाम अली गुलाब सिंह शंभू साहू सुनील पासी अरशद अली दीपक गुप्ता रुकमणी चक्रवर्ती मनोज तिवारी अनूप तिवारी सेवा शंकर पटेल मुकेश वर्मा सुग्रीव केवट गोविंद चंद्रा साहित सभी बोथो के प्रभारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# कमिश्नर ने प्राथमिक शाला खम्हरिया का किया निरीक्षण

## अनुपस्थित दो शिक्षिकाओं को किया निलंबित

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने गुरूवार को अनूपपुर जिले के जैतहरी विकासखंड की प्राथमिक शाला खम्हरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने शिक्षकों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया तथा मौके पर उपस्थित शिक्षिका से स्कूल में पदस्थ शिक्षकों की जानकारी ली। उपस्थित शिक्षिका ने बताया कि प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल खम्हरिया में पांच शिक्षक पदस्थ हैं जिसमें दो शिक्षक अनुपस्थित हैं। कमिश्नर ने स्कूल से मनमानी तौर पर शिक्षिकाओं के अनुपस्थित रहने पर कड़ी नाराजगी व्यक्ति की तथा अनुपस्थित शिक्षिका अंजूलता सिंह बघेल और शिक्षिका प्रार्थना प्रजापति को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने प्राथमिक स्कूल में दर्ज विद्यार्थियों की संख्या के संबंध में जानकारी ली तथा शिक्षकों को निर्देश दिए कि वह स्कूल में समय पर उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। इस दौरान कमिश्नर ने कक्षा चार की छात्रा क्रांति से किताब भी पढ़वाई। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने स्कूल परिसर का भी निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए की स्कूल परिसर को स्वच्छ और सुंदर रखें स्कूल परिसर में पौधारोपण भी कराए तथा स्कूल परिसर की प्रतिदिन साफ सफाई कराना सुनिश्चित करें।

# पुलिस ने की सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही

शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा नशे एवं सट्टा/जुआ के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना ब्यौहारी क्षेत्रांतर्गत बुधवार को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ब्यौहारी में एक व्यक्ति सट्टा पर्ची के माध्यम से लोगों को पैसे की हार जीत के दाव लगवा रहा है। सूचना पर उक्त स्थान पर जाकर देखा तो एक व्यक्ति सट्टा पर्ची काटते हुए मिला जिससे नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम राजेन्द्र साकेत पिता चिंतामणी साकेत उम्र 20 वर्ष निवासी ब्यौहारी का होना वताया। जिसकी तलासी लेने पर उसके कब्जे से सट्टा पर्ची, पेन एवं नगदी 750/-रुपये जब्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।



# कमिश्नर ने योग दिवस के मददेनजर कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद एवं कलेक्टर तरूण भटनागर ने गुरूवार को 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर संभागीय मुख्यालय शहडोल के महात्मा गांधी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मरपाची के प्रति योग दिवस के आयोजन हेतु की गई तैयारियां अपूर्ण होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कमिश्नर ने जिला शिक्षा अधिकारी फूलसिंह मरपाची को निर्देश दिए कि बरसात को दृष्टिगत रखते हुए सभी तैयारियां पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि बैठक व्यवस्था, टेंट, पानी, कारपेट, माइक इत्यादि व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि शासकीय एवं निजी विद्यालयों के प्राचार्यो से चर्चा कर छात्र-छात्राओं सहित अन्य नागरिकों को भी योग दिवस के अवसर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित किया जाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिंहा, डीपीसी अमरनाथ सिंह, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थें।

# विद्यार्थी बड़ा सपना देखे, लक्ष्य बनाकर लगातार प्रयास करें-कमिश्नर

## कमिश्नर ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोड़की के छात्रों से किया संवाद

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने विद्यार्थियों से कहा है कि वह बड़े सपने देखें तथा लक्ष्य बनाकर उसे हासिल करने के लिए लगातार प्रयास करें। कमिश्नर ने विद्यार्थियों से कहा कि विद्यार्थी जीवन के एक-एक मिनट का सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने छात्रों से कहा कि कोई भी कार्य ऐसा नहीं है जो हम नहीं कर सकते हैं किसी भी कार्य को करने के लिए एवं लक्ष्य को हासिल करने के लिए दृढ़ निश्चय जरूरी है। उन्होंने कहा कि आप भी कलेक्टर, कमिश्नर, डॉक्टर, इंजीनियर और अच्छे व्यापारी बन सकते हैं इसके लिए निरंतर परिश्रम करने की आवश्यकता है। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद गुरूवार को अनूपपुर जिले के विकासखंड पुष्पराजगढ़ के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोड़की के निरीक्षण के दौरान छात्रों से संवाद किया। कमिश्नर ने छात्रों से कहा कि छात्रों को सामान्य ज्ञान का सतत रूप से अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जितना हमारे पास सामान्य ज्ञान होगा हम उतने प्रभावशाली एवं शक्तिशाली होंगे। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों को समाचार पत्रों का सतत अध्ययन करना चाहिए। कमिश्नर ने छात्रों से सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे जिनका छात्रों ने सही और सटीक जवाब दिया। कमिश्नर ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे भी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ सामान्य ज्ञान की जानकारी सतत रूप से दें। कमिश्नर ने निर्देश दिए की छात्रों को सतत रूप से अध्ययन के लिए समाचार पत्र उपलब्ध कराएं। कमिश्नर ने छात्रों से पढ़ लिखकर आगे क्या बनना चाहते हैं इस पर भी चर्चा की। जिस पर छात्रों ने अपनी रुचि अनुसार जवाब देते हुए बताया कि कोई डॉक्टर, कोई इंजीनियर, कोई शिक्षक, कोई व्यापारी बनना चाहता है। जिस पर कमिश्नर ने उपस्थित शिक्षकों को निर्देश दिए की छात्र भविष्य में जो बनना चाहते हैं उन्हें उस क्षेत्र के पाठ्यक्रम की संपूर्ण जानकारी दें एवं उस क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करें। कमिश्नर ने छात्रों से कहा कि पढ़ते वक्त किसी भी विषय से कोई भी प्रश्न मन में उठे तो बेझिझक शिक्षकों से पूछे एवं शिक्षकों को निर्देश दिए की शिक्षक भी छात्रों की संकाओं को दूर करें। इस दौरान कमिश्नर ने विद्यालय में उपस्थित विद्यार्थियों के अभिभावकों से भी चर्चा की एवं उनसे भी अपील करते हुए कहा कि आप बीच-बीच में विद्यालय का भ्रमण अवश्य करें एवं बच्चों को विद्यालय जाने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश भी कमिश्नर के साथ रहे।



स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह , संपादक : अशोक सोनी (9009601101) , स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल, भोपाल कार्यालय पता-- प्रेस काम्प्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 Email id :hindustannews404@gmail.com, R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

केसरिया हिन्दुस्तान

# बी डी ओ की खाऊ कमाऊ नीति के चलते भ्रष्टाचार चरम पर

**विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत सकलनपुर, कटेसर व वजीरपुर में फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।**

**विकास खंड बेहटा की ग्राम पंचायत मुग़लपुर,कुरतहिया, कुटी सुपोली,हजरतपुर,चंदेसुआ व चंदवासोत में फर्जी हाजिरी दर्ज कर किया जा रहा घोटाला**




**अमित यादव प्रा0**

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर । जँहा एक तरफ सूबे के मुखिया अधिकारियों के साथ बैठक में सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार न होने पाए इसके लिए लगातार अधिकारियों को दिशा निर्देश देते रहते है, उसके बावजूद आलाधिकारी मुख्यमंत्री के आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए भ्रष्टाचार करने में मस्त है।

बताते चले कि खंड विकास अधिकारी सरकार के फरमान को मुह चिढ़ा रहे है, भ्रष्टाचार की सारे हदे पार कर घोटाले बाजो को संरक्षण दे रहे है, सरकार की महत्वपूर्ण योजना मनरेगा जिससे कि सरकार मंशा साफ है कि ग्रामीणों अंचल के गरीबो को ग्राम पंचायतों में ही रोजगार मुहैया हो सके जिससे कि उनको पलायन न करना पड़े इसके बावजूद बी डी ओ ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने के बजाए अपनी संपत्ति बढ़ाने में मशगूल है। वही हरगांव के कुछ प्रधानों ने नाम छापने की शर्त पर बताया कि हमारी मजबूरी है यह सब करना पड़ता है क्योंकि सभी लोग अपना अपना कमीशन सेट कर रखे है, बिना काम के भुगतान के बारे में पूछने पर बताया कि उसके लिए साहब और टी ए को अलग से चढ़ावा चढ़ाना पड़ता है, और आप लोग खबर लगा देते है उसमे भी ब्लॉक पर वसूली की जाती है, हालांकि यह तो जांच का विषय है कि प्रधानों की बातों में कितनी सत्यता है, किन्तु ऐसे में एक सवाल यह भी है कि यदि प्रधान झूठ बोल रहे है तो फिर आखिर भ्रस्टाचार हो किन शर्तो पर कराया जा रहा है।

ग्राम पंचायत वजीरपुर में चल रहे मनरेगा कार्य सौगढ़ा तालाब खुदाई कार्य भाग 3 पर पुरानी फ़ोटो के सहारे 96 श्रमिको की फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है, के दिनों से ऑनलाइन एक ही फ़ोटो अपलोड कर घोटाला किया जा रहा है।

ग्राम पंचायत कटेसर में तीन कार्यो पर 79 श्रमिको की फर्जी उपस्थिति दर्ज की जा रही है, यँहा भी पुरानी फ़ोटो की फ़ोटो अपलोड कर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है, जबकि मौके पर मौजूद ग्रामीण से बताया कि काम तो चल ही नही रहा है।

ग्राम पंचायत संकलनपुर में महाराणा प्रताप अमृत सरोवर जीर्णोद्धार कार्य पर 56 श्रमिको की हाज़िरी लगाई जा रही है यंहा ही हालात जस का तस है यंहा भी पुरानी फ़ोटो के सहारे ही योजना को संचालित किया जा रहा है।

विकास खंड बेहटा की ग्राम पंचायत मुग़लपुर में मनरेगा से 3 काम चलाये जा रहे है, पहले कार्य

जयदीप मौर्या के खेत से रामसुमिरन के खेत तक ड्रेन सफाई कार्य पर 50 दूसरे कार्य बाबू के खेत से रिजवान के खेत तक सम्पर्क मार्ग पर 26 श्रमिक व तीसरे कार्य रामसुमिरन के खेत से रामप्यारी के खेत तक ड्रेन सफाई 20 श्रमिक की उपस्थिति दर्ज की जा रही है, तीनो ही कार्य बंद चल रहे है, ऑनलाइन हाज़िरी में पुरानी फ़ोटो अपलोड कर फर्जीवाड़ा किया गया।

ग्राम पंचायत कुरतहिया में चल है कार्य मनोहर के खेत से गनेशी के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य 66 श्रमिको की हाजीरी दर्ज की जा रही है, ग्राम पंचायत कुटी सुपोली में सोबरन के खेत से मनु के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य पर 68 श्रमिको की फर्जी हाजीरी दर्ज की जा रही है। ग्राम पंचायत हजरतपुर मनरेगा से तीन काम चलाये जा रहे है 1- रामखेलावन के घर से ब्रजनंदन के खेत तक सम्पर्क मार्ग पर 30 श्रमिक, 2-रामू के घर से नन्द कुमार के घर तक सम्पर्क मार्ग 20 श्रमिक व 3-ललित मामा के घर से कर्बला तक मिट्टी पटाई कार्य 29 श्रमिको की फर्जी हाजीरी दर्ज की के गयी है। ग्राम पंचायत चंदेसुआ में जोखे के खेत के पड़ोस तीन दर की पुलिया निर्माण कार्य पर 22 श्रमिको की फर्जी हाजिरी दर्ज कर घोटाला किया जा रहा है। ग्राम पंचायत चंदवासोत कल्लू के खेत से जीवन के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य 50 श्रमिक हाज़िरी व दूसरे कार्य मोहम्मद के खेत से कल्लू के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य पर 52 श्रमिको की फर्जी हाजिरी दर्ज कर घोटाला किया जा था है।

उक्त सभी ग्राम पंचायतों में पुरानी फ़ोटो के सहारे हाजिरी दर्ज की जा रही है, काम नही कराने की दशा में रोजगार सेवक, तकनीकी सहायको की मिली भगत से ऑनलाइन हाजिरी में पुरानी फ़ोटो की फ़ोटो अपलोड की जा रही है,जिसको देखे बिना ही तकनीकी सहायक एम बी कर भुगतान करा रहे है।

जब इस संबंध में खंड विकास अधिकारी बेहटा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इन सबका भुगतान रोक दिया जाएगा,बाकी पूर्व में जो भी खबरे प्रकाशित की गई है उनकी नोटिस काट कर जवाब मांगा गया है। वही खंड विकास अधिकारी हरगांव ने फ़ोन नही उठाया।



# बकाया मानदेय को लेकर प्रेरक संघ ने सांसद को दिया ज्ञापन

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

सीतापुर । सिधौली ब्लाक अध्यक्ष ओमप्रकाश मौर्य की अगुवाई में प्रेरक संघ सिधौली ने नवनिर्वाचित गठबंधन इंडिया सांसद मोहनलाल गंज आर. के. चौधरी. को बकाया मानदेय भुगतान व सेवा बहाली को लेकर दिया ज्ञापन सांसद ने दिया आश्वासन संसद सत्र में प्रमुखता उठाएंगे प्रेरक समस्या । बताते चले पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा संचालित साक्षर भारत मिशन 2012 , योजना अंतर्गत पूरे देश मे वर्ष 2012 से 15+ वय वर्ग के ग्रामीण क्षेत्रों निरक्षरो को साक्षर करने के लिए करीब 5 लाख प्रेरकों का चयन उच्य शिक्षा के आधर पर ग्राम पंचायत स्तर पर एक महिला व एक पुरूष किया था। जिससे जहाँ एक देश के करीब 5 लाख बेरोजगारो को रोजगार मिला वही दूसरी तरफ योजना के अनुसार प्रतिवर्ष ग्राम पंचायत में परीक्षा करा कर भारी सँख्या में निरक्षरो को साक्षर किया गया व प्रमाण पत्र वितरण किये गए ,

प्रेरकों के सहयोग में 10 निरक्षरो पर एक वालेंटियर पद का भी चयन किया गया । जिससे योजना के अनुसार देश से साक्षरता स्तर बढ़ सके । उक्त क्रम में उत्तर प्रदेश में करीब 1 लाख 19 हजार व जनपद सीतापुर में करीब 2100 बेरोजगारो को साक्षर भारत मिशन 2012 , योजना के तहत प्रेरकों को रोजगार मिला , 31 मार्च 2018 तक योजना संचालित रही , व तत्कालीन आदेशानुसार अग्रिम आदेश तक योजना रोके जाने के आदेश जारी किए गए । जिससे जहाँ एक तरफ देश के करीब 5 लाख प्रेरक पुनः बेरोजगार हुए वही दूसरी तरफ योजना में कार्य कराने के कारण उम्र निकल जाने अन्य क्षेत्रों में कार्य करने के मौके भी निकल गए, साथ ही कार्य के बदले दिया जाने वाला मानदेय भी ब्लाक अनुसार करीब 27 से 40 माह तक नही दिया गया । जिससे प्रेरक आर्थिक संकट से प्रभावी हुए । प्रेरकों के सगठनों द्वारा जिला स्तर से लेकर मानव संसाधन मंत्री तक कई बार ज्ञापन व पत्रों के माध्यम योजना बहाली व मानदेय भुगतान की मांग की लेकिन आश्वसन ही हाथ लगा । प्रेरक जिलाध्यक्ष दुर्गेश सिंह के अध्यक्षता में पूर्व सांसद व मानव संसाधन सदस्य के नेतृत्व बीते 6 वर्षो में कई बार प्रेरकों की आवाज ब्लाक से लेकर दिल्ली तक उठाई गई, लेकिन प्रेरकों की संख्या मात्र जनसभाओं में भीड़ बढ़ाने व भीड़ का अंग बनकर रह गई समस्या का समाधान नही मिला । हर तरफ से हताश प्रेरक समय के इंतजार में रहे और एक बार पुनः पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा संचालित योजना पर विश्वास जताते हुए ब्लाक अध्यक्ष ओमप्रकाश मौर्य की अगुवाई में सिधौली प्रेरक संघ द्वारा , बकाया मानदेय व सेवा बहाली हेतु गठबंधन इंडिया सांसद आर के चौधरी को ज्ञापन दिया गया , जिससे योजना बहाली व बकाया मानदेय मिल सके व देश के 5 लाख प्रेरकों को पुनः रोजगार मिल सके । उक्त अवसर पर ओमप्रकाश मौर्य, अकील अहमद,

मो0 गुफरान, खुशाल, बजरंग मौर्य आदि प्रेरक मौजूद रहे ।

साक्षर भारत मिशन 2012 , योजना अंतर्गत देश के 5 लाख बेरोजगारो को रोजगार दिया था ,आज वह पुनः बेरोजगार है गठबंधन इंडिया का मुख्य उद्देश्य है रोजगार आने वाले संसद सत्र में प्रेरकों की समस्याओं को उठाया जाएगा जिसमे बकाया मानदेय, सेवा बहाली का मुद्दा प्रमुखता से रखा जयेगा ।

**आर के चौधरी**

नवनिर्वाचित सासंद मोहनलाल गंज गठबंधन इंडिया

सांसद जी के विस्वास भरे शब्दों से प्रेरकों में एक बार फिर उम्मीद की किरण जाग्रत हुई है

**ओम प्रकाश मौर्य**
**प्रेरक संघ**
**ब्लाक अध्यक्ष सिधौली**
**सीतापुर**

# बैंक आफ इंडिया हरगांव सी सी कैमरे वीडियो को आधार मानकर की जाए जाँचः शेख फारुख अहमद

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**



सीतापुर !समाजसेवी शेख फारुख अहमद ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इन सभी के साथ शाखा प्रबंधक सहित बैंक कर्मचारियों व दलालों द्वारा ठगी की गई हैं !सभी को अलग-अलग तरीके से गुमराह कर फाइलों सहित बिड्राल पर हस्ताक्षर करा लिए गए और बाद में कोई न कोई समस्या बताकर इन लोगों को भुगतान न करके गुमराह कर ठग गिरोह द्वारा भुगतान निकाल लिया गया !अब इन सभी को बैंक द्वारा नोटिस मिला तब इस ऋष्ण की जानकारी हुई है !ठगी के शिकार लोगों में मो0आकिब कोरैय्या मुद्रा लोन आठ लाख पचास हजार रुपए,कमरुन निशा कोरैय्या चारा लोन एक लाख पचास हजार रुपए,दिलीप कुमार माहिम पुर मुद्रा लोन पांच लाख रुपए, भारती लाल रायपुर मुद्रा लोन नौ लाख रुपए, समीम जहां भनवापुर मुद्रा लोन नौ लाख रुपए,करन कुमार दहिरा पुर मुद्रा लोन नौ लाख पचास हजार रुपए, सोनू कनौजिया रजनी संयुक्त खाता वजीर पुर के के सी दो लाख रुपए, शुभम कनौजिया सचिन संयुक्त खाता वजीरपुर के के सी दो लाख, यशपाल राज वजीरपुर के के सी सात लाख रुपए,सुधा देवी यादव हैदरपुर पी एम जी वाई दस लाख रुपए,अतीक नौरंगपुर पी एम जी वाई नौ लाख रुपए,रज्जन नौरंग पुर पी एम जी वाई दस लाख रुपए,शिव कुमारी नौरंग पुर पी एम जी वाई दस लाख रुपए, सपना देवी नौरंगपुर पी एम जी वाई दस लाख रुपए, अमित नौरंगपुर पी एम जी वाई तीन लाख रुपए, फूल कुमारी गयाहार पी एम जी वाई नौ लाख रुपए,मनोज कुमार गयाहार पी एम जी वाई नौ लाख रुपए, राधेश्याम नौरंगपुर पी एम जी वाई दस लाख रुपए,मैकू मूड़ीखेरा के के सी एक लाख दस हजार, मो0अली भदेवा अज्ञात पैंतालीस हजार रुपए, पम्मी रायपुर चारा लोन एक लाख उन्तालीस हजार रुपए, अनूप कुमार वर्मा निरवाहनपुर मुद्रा लोन नौ लाख रुपए,मीरा देवी निरवाहन पुर मुद्रालोन नब्वे हजार रुपए,सत्य ऋषि रक्शा पैंतालीस हजार रुपए, अलग-अलग हडप लिए गए हैं!

किसान मंच राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि इस प्रकरण में शामिल बैंक मैनेजर देवेश तिवारी कैशियर राहुल रस्तोगी व बैंक मित्र के साथ गिरोह में शामिल दलालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर वसूली के साथ दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए!

# जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं झोलाछाप

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**




सीतापुर । तहसील क्षेत्र में रखौना के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध अस्पताल व क्लीनिकों की भरमार है ,रखौना चौराहे से मार्केट तक दर्जनों अवैध मेडिकल क्लीनिक संचालित है । जिनकी शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा परसेंडी अधीक्षक से कई बार की जा चुकी है। क्षेत्र अंतर्गत अवैध क्लीनिक के संचालक मोहम्मद आलम हैं जोकि बिना योग्यता के डॉक्टर है । इनके द्वारा हर मर्ज की दवा की जाती है ।ऐसा ही एक प्रकरण विगत पंद्रह दिन पहले का है ।जहां पर एक गांव के मरीज का इनके द्वारा इलाज किया गया था , इलाज करने के बाद उसकी हालत एकदम से गंभीर हो गई । जिसमे मरीज के परिजनों से इनका विवाद हो गया था । जिसकी जानकारी अधीक्षक परसेंडी को दी गई थी । परन्तु उनके द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई।

# सरकारी कर्मचारी या तानाशाह

**आपूर्ति कार्यालय लहरपुर में हो रही तानाशाही , अधिकारियों के आदेशों की जा रही अवमानना ,प्राइवेट कर्मियों का है बोलबाला, सरकारी अभिलेखों से करते है छेड़ छाड़,पूर्ति निरीक्षक करते हैं मनमानी ,बात करने पर करते हैं अभद्रता । ए आर ओ गौरव चौधरी व जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश श्रीवास्तव को है सारी जानकारी , फिर भी नही कर रहे कोई कार्रवाई , कार्यालय में फैली है गन्दगी**

क्या जिला पूर्ति अधिकारी की संलिप्तता से हो रहें हैं सारे कार्य

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान



सीतापुर । लहरपुर तहसील लहरपुर में पूर्ति निरीक्षक रूपेश जैन चर्चाओं में बने रहते है । अभद्रता करना इनके आचरण में सम्मिलित हैं उपभोक्ता हो या कोई दुकानदार या फिर पत्रकार ही क्यों न हो सबसे एक भाषा में बात करते हैं।और यही नही इनके किस्से फिल्मी अंदाज जैसे हैं। पान मसाला खाकर और कानों में ईयर फोन लगाकर कार्यालय में बैठना इनकी आदत का हिस्सा है। जिसके लिए निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अनुज सिंह ने इन्हे कड़ी फटकार लगाई थी। लेकिन उसके बाद भी इनका रवैया जैसे का तैसा है । पचास हजार के लगभग वेतन प्राप्त करने वाले पूर्ति निरीक्षक एक्सयूवी 700 से बहराइच से लहरपुर कार्यालय आते जाते हैं उसमें क्षेत्र भ्रमण भी शामिल है । जिसमें लाखों का खर्चा हर महीने आता है ।अब प्रश्न यह उठता है कि योगी जी के जीरो टॉलरेंस की नीति को चुनौती नही तो और क्या है । आपूर्ति कार्यालय में चार चार प्राइवेट व्यक्तियों को बैठाया जाता है किसके आदेशों पर बल्कि जिलाधिकारी महोदय का शक्त आदेश है कि किसी भी सरकारी कार्यालय में कोई भी प्राइवेट व्यक्ति काम नहीं करेगा । परन्तु पूर्ति निरीक्षक लहरपुर का कानून अलग है ।अब इन व्यक्तियों लवकुश त्रिवेदी ,नीरज ,अतीक ,विशाल जयसवाल इन्हे किस पर्पज से बैठाया जाता है इन्हे वेतन कौन देता है । इन सब बातों की जानकारी आर ओ व जिला पूर्ति अधिकारी को है । परन्तु उनके द्वारा कोई कार्रवाई नही की गई है। इन गतिविधियों से आम जनता व कई उचित दर विक्रेताओं में बहुत रोष है। नाम न बताने की शर्त पर कई दुकानदारों ने बताया है की सभी प्राइवेट कर्मियों को वेतन देने के लिए कार्ड धारकों से वसूली कराई जाती है यूनिट काटने व बढ़ाने के नाम पर कार्ड काटने व बढ़ाने के नाम पर तथा दुकानदारों से भी ब्लॉक वाइज वसूली करने के लिए ये प्राइवेट कर्मी बैठाए गए है । और यह बात अधिकारियों की जानकारी में भी है। पूर्ति निरीक्षक लहरपुर तानाशाह मिजाज के है। उनके द्वारा अधिकारियों के आदेशों की अवमानना करना कोई नई बात नही है। जिला पूर्ति अधिकारी भी कार्रवाई करने में पीछे हटते नजर है आशंका है की वह भी इस भ्रष्टाचार में संलिप्त प्रतीत होते हैं।

# गरीबी के अंधेरे को मिटाकर विद्यालय का छात्र बना ऑफिसर

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

महमूदाबाद सीतापुर।

प्रकाश विद्या मंदिर इण्टर कालेज महमूदाबाद सीतापुर के छात्र मुकेश शर्मा निवासी शेखपुर बिलौली बाजार का ऑल इंडिया 156 और ब्रांच रैंक 16 पाकर पेटेंटड्डऑफिसर जैसे प्रतिष्ठित पद पर चयन हुआ। समाजसेवी अरुण वर्मा मुन्ना ठाकुरपुर ने विद्यालय के प्रबंधक ओम प्रकाश वर्मा के अनुरोध पर इण्टरमीडिएट के बाद मुकेश की पूरी पढ़ाई का पूरा जिम्मा उठाया, इंजीनियरिंग एवं गेट की पूरी पढ़ाई की हर प्रकार की व्यवस्था की। एक गरीब छात्र को इतनी ऊंचाई तक पहुंचाने का जो पुण्य कार्य अरुण वर्मा मुन्ना जी के द्वारा किया गया है वो बहुत ही सराहनीय है।




विद्यालय और छात्र की लगन और अरुण वर्मा मुन्ना के अपार सहयोग ने ये साबित कर दिया है कि गरीबी के अंधेरे को शिक्षा के दम पर मिटाकर बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है।

विद्यालय परिवार , छात्र मुकेश शर्मा और अरुण वर्मा मुन्ना की इस सफलता पर शिक्षक एम.एल.सी उमेश द्विवेदी , सांसद राकेश राठौर , पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा जी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता , मोहम्मद अहमद अध्यक्ष नगर पालिका, सुरेश वर्मा जी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, अम्बरीष गुप्ता , डॉक्टर अनिरुद्ध वर्मा , हरिशरण लाल वर्मा बबलू वर्मा पूर्व प्रधान शेखपुर, अखिलेश वर्मा अध्यक्ष बार एशोसिएशन महमूदाबाद, अजय यादव ब्लाक प्रमुख पहला, मुकेश वर्मा ब्लाक प्रमुख महमूदाबाद, अमर सिंह वर्मा पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं अन्य लोगों ने बधाई दी है।

# महिलाओं की पिटाई करने वाले दबंगों पर केस दर्ज

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

सीतापुर। सकरन थाना क्षेत्र में मामूली विवाद के चलते घर में घुसकर महिलाओं की पिटाई करने वाले दबंगों पर थाने पर सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार केस छेड़ छाड़ और मारपीट की धाराओं में दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये सम्भावित स्थानों पर छापामार कार्यवाही की जा रही है। गौरतलब हो कि जनपद के सकरन

थाना क्षेत्र में दरवाजे पर बछड़ा चले जाने से नाराज दबंगों ने महिलाओं को घर में घुसकर पीटा। साथ ही अभद्रता भी की। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। नकैला गांव निवासी संजय का बछड़ा मंगलवार शाम गांव के ही आफाक के दरवाजे पर चला गया था। आफाक ने बांके से बछड़े को घायल कर दिया था। संजय के घर की महिलाएं जब उलाहना

लेकर गईं तो आफाक, गोबरे, शकील, वहीद आदि ने लाठी-डंडे लेकर महिलाओं को दौड़ा लिया। महिलाएं जान बचाने के लिए भागकर अपने घर में घुस गईं तो दबंग घर में घुस गए और लाठी-डंडों से उनकी पिटाई कर दी। महिलाओं से अभद्रता भी की। शोर सुनकर ग्रामीण एकजुट हुए तो दबंग मौके से भाग गए। मारपीट में संजय की भाभी आयुष्मती व अन्य महिलाओं को चोटें आई हैं। संजय ने तहरीर पुलिस को दी है। एसओ दिग्विजय पांडेय

ने बताया कि आरोपियों पर मारपीट व छेड़छाड़ की धाराओं में मुकदमा दर्ज लिया गया है। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी सांडा भेज दिया गया है।



# लहरपुर टाउन समेत तमाम फीडरों की विद्युत आपूर्ति लड़खड़ा गई

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

लहरपुर सीतापुर ।बीते बुधवार को रात लगभग 9ः00 बजे आई तेज आंधी और बारिश के कारण लहरपुर ग्रामीण और लहरपुर टाउन समेत तमाम फीडरों की विद्युत आपूर्ति लड़खड़ा गई है इसके साथ ही 33 केवी तंबौर लाइन ब्रेकडाउन होने के साथ-साथ उसके भी 11 केवी फीडरों की विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित हो गई है ,मौसम सही होने पर रेस्टोरेशन का कार्य शुरू किया जाएगा और जल्द ही विद्युत आपूर्ति बहाल कर ली गई ।

अवर अभियंता अमरेश कुमार वर्मा ने बताया कि तहसील फीडर, टाउन फीडर, बिसवा रोड फीडर, जलनिगम फीडर की सप्लाई तेज आंधी के कारण बाधित हुई थी जिस कारण लाइन स्टाफ के द्वारा रात में ही रेस्टोरेशन का कार्य शुरू किया गया और सप्लाई को सुचारू रूप चालू किया गया था बिसवा रोड फीडर पर आंधी के कारण कुछ पेड़ विद्युत लाइन पर टूट कर गिरेंगे थे जिस कारण बिसवा रोड की सप्लाई शुरू करने में 8 से 10 घंटे का समय लग गया । आपको बता दे की तेज आंधी और बारिश में ही अवर अभियंता के द्वारा सभी विद्युत लाइन का निरीक्षण किया गया था और रात में ही टाउन, जल निगम की सप्लाई शुरू कर दी गई थी ।

# गर्मी बनी मुसीबत उस पर रूला रही बिजली

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर। भीषण गर्मी में आम आदमी का रह पाना मुश्किल है। सूर्य की आग उगलती किरणो को

धरती के वासी सहरन नही कर पा रहे है। हर आठ मिनट में बदल रही धरती की स्थित किसी गम्भीरता के संकेत दे रहे है। लोग किसी तरह से कूलर और पंखों को अस्त्र बनाकर सूर्य की किरणों का मुकाबला करने में जुटे हुए है। इस पर बिजली न आने से कलूर पंखे केवल शो पीस ही साबित हो रहे है। जिससे आम आमदी का जीना मुश्किला हो गया है। पिछले करीब एक पखवारे से सूर्य का ताप लगातार लोगों को परेशान कर रहा है अग तो लोग गर्मी से मरने भी लगे है फिर भी सूर्य की

किरणे अपनी गति को कम नही कर रही है। आलम यह है कि शहर के भवानीपुर उपकेंद्र से जुड़े नवीन चैक इलाके में बुधवार को पांच घंटे बिजली गुल रही। लंबी कटौती होने से इन्वर्टर डिस्चार्ज हो गए। इस भीषण गर्मी में दोपहर के समय घरों में पंखा, कूलर व एसी बंद होने से लोग पसीने से तरबतर होते रहे।नवीन चैक पर ओवरब्रिज का निर्माण होना है। इस समय बिजली लाइन की शिफ्टिंग का काम चल रहा है। बुधवार को करीब 11 बजे बिजली चली गई। करीब दो से तीन घंटे में इन्वर्टर डिस्चार्ज हो गए।इससे घरों में बिजली गुल होने से लोग गर्मी को लेकर परेशान दिखे। उपभोक्ताओं ने उपकेंद्र पर शिकायत दर्ज करवाई तो लाइन शिफ्टिंग के चलते कटौती होने की बात बताई गई। शाम चार बजे के बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। इससे करीब 20 हजार की आबादी प्रभावित हुई। इस कटौती की पूर्व में कोई सूचना न होने से उपभोक्ताओं के सामने पेयजल का संकट भी खड़ा हो गया।शहर में इस समय रात में जमकर अघोषित कटौती हो रही है। मंगलवार रात विकास नगर इलाके में करीब 10 बजे बिजली गुल हो गई। दो घंटे की लंबी कटौती के बाद बिजली बहाल हो सकी। इसके बाद दो

से तीन बजे के बीच फिर से कटौती हुई। दिन में भी ट्रिपिंग का सिलसिला चलता रहा।नंदलाल,

अधीक्षण अभियंता ने बताया कि नवीन चैक पर बन रहे ओवरब्रिज के कारण लाइन शिफ्टिंग की जा रही है। इस वजह से कुछ देर के लिए शटडाउन लिया गया था। वहीं लोकल फॉल्ट की वजह से भीकटौती हो रही है। इसी तरह से ब्रहस्पतिवार को भी बिजली ने लोगों को खूब छकाया और

# पत्रकार व पत्रकार की माता ने कप्तान से लागई न्याय की गुहार

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर । जनपद के थाना सम्मनपुर क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सभा कजपुरा का मामला है अमला पत्नी ओमप्रकाश ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है कि प्रार्थिनी अमला का लड़का प्रियांशू उर्फ बन्टी मीडिया/पत्रकारिता का काम करता है। प्रार्थिनी के गाँव के विपक्षीगण दिनांक 15/6/2024 को समय लगभग 6-30 बजे सुबह सभापति पुत्र दीनदयाल, रमेशचन्द्र, हरिश्चन्द्र पुत्रगण त्रिवेणी, संदीप पुत्र हरिश्चन्द्र, गुड़िया, तारा पुत्रीगण सभापति, रीता पत्नी सभापति एकराय होकर माँ बहन की भद्दी भद्दी गाली गुप्ता देते हुए प्रार्थिनी के दरवाजे पर आये और कहने लगे कि तुम्हारा लड़का बड़का पत्रकार है मै उसका पत्रकारिता उसके जुबान मे डाल दूँगा क्योंकि मेरे खिलाफ जो मै बन्जर भूमि मे अतिक्रमण किया हूँ उसको बार बार पेपर मे निकालता है मे कई बार उसको मना किया हूँ कि पेपर मे मत निकालना इसके बावजूद भी पेपर मे निकालता है। बुलाओ साले को उसका हाथ पैर इसी समय तोड़ दूँगा। प्रार्थिनी डरवश अपने लड़के को बुलाकर समझाने बुझाने लगी और विपक्षीगण से कही पत्रकारिता भी एक संवैधानिक अधिकार है समाज के अच्छे व नेक व गलत कार्यों को पत्रकारिता के माध्यम से प्रकाशित व गजट करता है और उच्च अधिकारियों तक पहुँचाता है। इसी बात से उत्तेजित होकर प्रार्थिनी को मारने पीटने लगे प्रार्थिनी जान बचाकर घर के अन्दर भागी तो घर के अन्दर भी मारने पीटने लगे। प्रार्थिनी का लड़का प्रियांशू व पति ओमप्रकाश आवाज सुनकर छत से नीचे आये तो देखा कि विपक्षीगण मार पीट रहे थे बीच बचाव करने पहुँचे तो विपक्षीगण सभी को मारने पीटने लगे। विपक्षीगण के मारने पीटने से प्रार्थिनी के पेट में घाव सा चोट आ गया है। जब प्रार्थिनी के पति कहे कि आप लोग गुण्डई के आधार पर घर के अन्दर घुसकर मारना पीटना यह बिल्कुल गलत है तो सभापति ने तुरन्त बन्दूक निकाल कर ओमप्रकाश के सिर पर लगा दिया कि साले मुझसे पूरा गाँव डरता है तुम मुझे समझाओगे और तुम्हारे घर पर जो पानी बहता है उसे सरकारी नाली में नहीं जाने देंगे क्योंकि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुलाम अब्बास उर्फ आफताब मेरे बहुत करीबी है। प्रतिनिधि द्वारा कहा गया है कि अमला देवी का पानी किसी भी प्रकार से सरकारी नाली मे न आये इसके लिए मुझे चाहे जो कदम उठाना पड़े चाहे कयों न मैं खुद अमला को या अमला के परिवार को मारना पीटना पड़े। सभापति थाना सम्मनपुर कां0 रामनरेश भारद्वाज से ज्यादा उठता बैठता है इन्ही के सह पर गाँव में अपनी दबंगई व जालसाज व बंजर भूमि व खलिहान कब्जा करता है। विपक्षीगण के डर से पत्रकार व पत्रकार का परिवार काफी डरे व सहमे है कहीं किसी भी जगह कोई अनहोनी घटना घटित न हो जाये। पीड़ित ने बताया कप्तान साहब ने अस्वासन दिया की अकबरपुर क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा जांच कर भूमाफियाओं के खिलाफ़ सख्त कार्यवाही की जाएगी।अब देखते है पत्रकार को न्याय मिलता है या माफियाओं के हौसले बुलंद होता है अब यह देखना कि है पत्रकार को न्याय मिलता है या माफियाओं के हौसले बुलंद रहते है।

# राशन घटतौली की शिकायत, सप्लाई इंस्पेक्टर पहुंची जांच में



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।कोटेदारों की ओर से राशन वितरण में घटतौली पर रोक लगाने के लिए शासन ने दो माह पहले कोटेदारों को वेइंग मशीन दी थी उसके बावजूद राशन वितरण में घटतौली की शिकायतें लगातार आ रही हैं। एसा ही एक मामला जनपद के भिआव ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत अंतर्गत ग्राम सभा भुजगी के ग्रामीणों को राशन काम प्राप्त हो रहा है मिली जानकारी अनुसार जिसके संबंध में ग्रामीणों ने शिकायत दे कर आरोप लगाया था कि कोटेदार द्वारा राशन कम दिया जा रहा है । बताया जाता है कि कोटेदार का नाम जयसराम है राशन देते समय कोटेदार कटौती कर लेते हैं जिसे ग्रामीणों ने सप्लाई इंस्पेक्टर के यहां प्रार्थना पत्र दिया था प्रार्थना पत्र प्राप्त करने के बाद सप्लाई इंस्पेक्टर जांच करने के लिए गयी थी सप्लाई इंस्पेक्टर संजू सिंह ने मिडिया को बताया ग्राम सभा भुजगी से राशन घटतौली की शिकायत मिली थी मैं वहां गयी थी जहां पर ग्रामीणों ने बताया दो-दो किलो राशन कम मिल रहा है रिपोर्ट तैयार हो रही है कार्रवाई की जाएगी।

# ग्राम प्रधान हुसेनपुर मुसलमान की विरुद्ध हुई प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज





## तहसीलदार आलापुर और सहायक विकास अधिकारी पंचायत रामनगर के विरुद्ध कार्रवाई होने की भी संभावना

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। जनपद के आलापुर थाना क्षेत्र के हुसेनपुर मुसलमान गांव के ग्राम प्रधान के द्वारा एक लड़के को फोन पर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी को लेकर दर्ज हुआ सुसंगित धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा दर्ज।

बता दें कि बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हो रही थी जिसमें बताया गया कि हुसेनपुर मुसलमान गांव के ग्राम प्रधान के द्वारा उसी गांव के किसी व्यक्ति को जान से मारने की धमकी और गाली गलौज का था। पीड़ित के द्वारा आलापुर थाने में प्रधान के खिलाफ शिकायती पत्र दिया गया। आलापुर थाना अध्यक्ष ने बताया कि यदि घटना सही लगती है तो तुरंत मुकदमा किया जाता है पंजीकृत और यदि घटना में कहीं पर भी कोई संदेहास्पद रहती है तो जांच के उपरांत किया जाता मुकदमा पंजीकृत किया जाता है ।सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत करने वाले को मोबाइल पर गाली गलौज करने का मामला जिला अधिकारी ने संज्ञान में लिया केस से संबंधित जनसुनवाई शिकायतों की फिर से जांच होगी तहसीलदार आलापुर और सहायक विकास अधिकारी पंचायत रामनगर के विरुद्ध कार्रवाई होने की संभावना है।

# पार्क में प्रेमी युगल ने साथ मे खाया विषाक्त पदार्थ, मौत

अम्बेडकर नगर। जिला मुख्यालय के अकबरपुर में स्थित अम्बेडकर पार्क में एक प्रेमी युगल ने विषाक्त पदार्थ खा कर जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया जिसमें प्रेमी की मौत हो गई जबकि प्रेमिका का इलाज चल रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार सम्मनपुर अकबरपुर निवासी 33 वर्षीय सूरज वर्मा अपनी पत्नी व बच्चों के साथ दिल्ली रहता था और गत चार दिन पहले वापस आया था। सूरज की इंस्ट्राग्राम के माध्यम से अयोध्या जनपद की एक लड़की से प्रेम प्रसंग हो गया और दोनों लोग अम्बेडकर पार्क में मुलाकात किया और इस दौरान दोनों ने जहर खा कर जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्रेमी सूरज वर्मा की मौत हो गई। एडिशनल एसपी विशाल पांडेय ने बताया प्रेमिका को महामाया मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान प्रेमिका की भी मौत हो गई।





# क्षत-विक्षत अवस्था में मिला नवजात का शव

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। जैतपुर थाना क्षेत्र के अमरपुर बाजार के पास पुलिया के नीचे बुधवार को एक नवजात का क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव का पंचनामा कर बाद में उसका अंतिम संस्कार कर दिया।मामला जैतपुर थाना क्षेत्र का है। बताया जाता है कि बुधवार को अमरपुर बाजार के निकट पुलिया के नीचे लोगों ने एक नवजात का शव पड़ा देखा। जंगली जानवरों ने उसके शरीर को कई जगह से नोंच डाला था। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। इस बीच बड़ी संख्या में लोग भी वहां पहुंच गए। लोग तमाम तरह के कयास लगाते रहे। थोड़ी देर में पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल का जायजा लेने के साथ ही लोगों से पूछताछ की। इसके बाद शव का पंचनामा कर बाजारवासियों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कर दिया गया। थानाध्यक्ष वंदना अग्रहरि ने बताया कि शव का अंतिम संस्कार करा दिया गया है।

## अधिवक्ता समेत तीन के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। जमीनी विवाद में लाठी-डंडों से निर्ममतापूर्वक पिटाई करने के मामले में पुलिस ने अधिवक्ता समेत तीन के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामला मालीपुर थाना क्षेत्र के सलाहपुर गांव का है।सलाहपुर निवासी शिवप्रसाद शुक्ल का आरोप है कि जमीनी विवाद के मामले में 16 जून की शाम नायब तहसीलदार गांव में मौका देखने के लिए आए थे और विपक्षी की मौजूदगी में मौका देख कर चले गए। उनके जाने के बाद विपक्षी गंगासागर शुक्ल, शिवसागर शुक्ल एंव प्रेम सागर शुक्ल लाठी-डंडों से लैस होकर हमला बोल दिया जिससे शिवप्रसाद शुक्ल को गम्भीर चोटें आईं। हल्ला-गुहार पर बचाव करने पहुंचे गिरिजा प्रसाद शुक्ल को भी जमकर मारापीटा गया। मालीपुर थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी ने बताया कि नामजद तहरीर पर अधिवक्ता समेत तीन के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया गया है।

## क्षेत्राधिकारी ने थाना मालीपुर का किया निरीक्षण,की प्रसंशा

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। जनपद के मालीपुर थाने के अर्ध वार्षिक निरीक्षण के दौरान अभिलेख तथा थाने के कार्यालय से लेकर पूरे थाना परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया।सीओ ने मालखाना में सुरक्षित रखे सामानों व साक्ष्यों को देखा और उसका मिलान कराया। इस दौरान रजिस्टर में कमी पाए जाने पर सुधारने की नसीहत दी। सीओ ने परिसर की साफ सफाई के साथ पुलिस कर्मियों के लिए बन रहे आवास और कार्यालय को देखा और ठेकेदार को समय से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। आगंतुक रजिस्टर, उनकी समस्याओं और उस पर लगाई गई आख्या से मिलान कराया। रजिस्टर में दर्ज कुछ पीड़ितों से मोबाइल पर बात कर पुलिस के व्यवहार के प्रति जानकारी ली। लंबित विवेचना, मुख्यमंत्री संदर्भित शिकायतों के गुणवत्ता परक निस्तारण का आदेश दिया। मेस के निरीक्षण में भोजन की गुणवत्ता देखा। इस दौरान थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी समेत अन्य उपनिरीक्षक और पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## एसडीओ नेवादा 29 जून को जिला आयोग में तलब

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

म्बेडकर नगर।

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष ने इजराय वाद के एक मामले में उपखंड अधिकारी नेवादा में 29 जून को अदालत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आदेश दिया है जिससे विधि अनुसार अग्रिम आदेश पारित किया जा सके। जिला आयोग में राजेन्द्र प्रसाद सिंह बनाम अधिशासी अभियन्ता परिवाद संख्या 119/2009 में 27 अप्रैल 2013 को निर्णय हुआ था परन्तु आदेश का अनुपालन विपक्षीगण की ओर से न करने पर इजराय वाद दायर हुआ। विचाराधीन इजराय वाद 05/2019 में आयोग के अध्यक्ष ने एसडीओ को अदालत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर आदेश के अनुपालन में कार्रवाई के प्रति जवाब देने के लिए कहा है।

## सालों ने बहनोई को पीटा, मुकदमा दर्ज

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।

मालीपुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर बाकरगंज में बकरीद की नमाज पढ़ने जा रहे बहनोई की उसके सालों ने मिलकर पिटायी कर दी। शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गांव निवासी मो.फैज ने पुलिस से शिकायत की है कि उसकी शादी गांव में ही हुई है और पत्नी पिछले एक साल से लड़ाई झगड़ा कर अपने मायके में रहती है। इसी बीच वह जब बकरीद की नमाज पढ़ने जा रहा था तो उसकी पत्नी के भाई फारुख, सलीम, बहनोई अबरार व शकीला बानो गाली गलौज देने लगे, विरोध करने पर सभी ने लात घूसों से उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसे चोटे आयीं। शिकायत पर पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कलेक्शन एजेंट से लूट और छिनैती में दो गिरफ्तार

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकरनगर। जनपद की

राजेसुल्तानपुर पुलिस ने एक सप्ताह पूर्व हुई लूट तथा छिनैती की घटना में वांछित दो अभियुक्तों को पकड़ने में सफल हुई है। बीते 10 जून को अंकित सिंह पुत्र उमाशंकर सिंह निवासी रामगढ़ थाना बलुआ जनपद चंदौली आरबीएल बैंक का भभौरा नरोत्तमपुर तथा शिवराजपट्टी गांव से फाइनेंस कलेक्शन का एक लाख 25 हजार रुपये लेकर गिरैया बाजार की ओर जा रहे थे।शिवराजपट्टी नहर के पास पहुंचे थे कि दूसरी तरफ से बाइक सवार तीन युवकों ने उनकी बाइक में टक्कर मार कर गिरा दिया और रुपयों से भरा बैग लेकर चले गए। बैग में अंकित सिंह का टैबलेट भी था। मामले में पुलिस ने पहले चोरी में मुकदमा दर्ज किया था। बाद में पुलिस ने मुकदमे में लूट और अन्य धारा बढ़ा दी थी। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज तथा सुराग के जरिये पुलिस ने घटना में शामिल युवकों की पहचान कर लिया तथा उनकी धरपकड़ में जुट गई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के शंकरपुर पुल तिराहा के पास दोपहर में डेढ़ बजे घटना में वांछित भानू प्रताप शर्मा उर्फ राहुल शर्मा पुत्र शिवप्रकाश शर्मा निवासी कोहड़ाभाट (इमिलिया) तथा शिवम पाण्डेय उम्र पुत्र कमलेश पांडेय देवरिया बुजुर्ग थाना राजेसुल्तानपुर को बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से 34 हजार रुपये बरामद हुए। आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष विजय प्रताप तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार भानू प्रताप शर्मा उर्फ राहुल शर्मा के विरुद्ध वन संरक्षण अधिनियम तथा शिवम पाण्डेय के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत पहले से ही मुकदमा दर्ज है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अमरनाथ यादव, कांस्टेबल रामईश्वर यादव, कांस्टेबल कृष्णानन्द यादव, स्वाट टीम के दिव्यांश यादव, विपिन सिंह राठौर शामिल रहे। थानाध्यक्ष विजय प्रताप तिवारी ने बताया कि घटना में शामिल तीसरे युवक की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द ही उसे भी पकड़ लिया जाएगा।

# पत्रकार पर जानलेवा हमला,मुकदमा दर्ज

## मामले में नामजद मुख्य आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार,

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

सुल्तानपुर।पेट्रोल पंप से तेल भरवा कर लौट रहे पत्रकार पर मनबढ़ दबंगों ने रोककर जानलेवा हमला किया।मामले में नगर कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

बुधवार को नगर कोतवाली क्षेत्र में करौंदिया मोहल्ले के निवासी पत्रकार मनोज कुमार तिवारी पुत्र स्व मधुर तिवारी अपने भाई महेश, चचेरे भाई प्रमोद तिवारी पुत्र रत्नाकर तिवारी के साथ कुड़वार रोड पर पयागपट्टी में पेट्रोल पंप पर कार में पेट्रोल भरवाने गए थे।पेट्रोल भरवाने के बाद शहर की तरफ वापस लौटते समय मिल्क मैन डेयरी के पास पहुंचते ही आरोप है कि राजेश यादव,राहुल यादव व घनश्याम यादव निवासी पयाग पट्टी चका अपने अन्य साथी के साथ पहुंचे और बोले कि तुम्हारा नाम मनोज तिवारी है जब पीड़ित ने हां बोला तो राजेश ने लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया और अन्य साथियों को ललकारते हुए कहा कि तीनों को मारो कोई बचना नही चाहिए।मारपीट में ही 17 सौ रुपए छीनने का भी आरोप है।हमले में पत्रकार सहित उसके भाईयो को गंभीर चोटे आई।नगर कोतवाली पुलिस ने मनोज कुमार तिवारी की तहरीर के आधार पर जानलेवा हमला सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।नगर कोतवाली पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी राजेश यादव को हिरासत में ले लिया है।

# एसडीएम की तहसील में नही हो रहा डीएम के आदेशों का पालन

## विपिन यादव दे जवाब आशाब व अविनाश अगर हैण्ड तो किस मद से दी जा रही सेलरीआखिर तसहीलदार के यहां विपिन यादव ने किस आधार पर पाल रखे है दो दो हैण्ड

आशीष शुक्ला (घायल)

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर। जिलाधिकारी ने एक दो नही कई बार आदेश दिये है कि कोई भी सरकारी अफसर या उसका अधिनस्थ अपने अण्डर में हैण्ड रखकर कार्य नही करवा सकता है। अगर किसी भी कार्यालय में हैण्ड पाये गये तो विभागाध्यक्ष के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। भले ही हर विभाग के विभागाध्यक्ष ने अपने अपने विभाग से हैण्डों की छुटटी कर दी हो लेकिन उपजिलाधिकारी सदर की तहसील में तहसीदार के यहां तैनात विपिन यादव ने आज भी अपने दो दो हैण्ड रख रखे है। विपिन यादव के इस कार्य में वह सवालों के घेरे में आ गये है। विपिन यादव ने आशाब और अविनाश नामक दो हैण्डों को अपने पास तैनात कर रखा है। जिसके चलते विपिन यादव तो अपने कार्यालय में बैठकर केवल मोबाइल में कभी वाटसअप तो कभी नेट चलाया करते है और जो हैण्डों को रखा है वही कार्य करते है। सूत्रो की माने तो फाइल देखने से लेकर जो इस समय पर आरोप लग रहे है वह सभी कार्य हैण्ड देखते है। कई अधिवक्ताओं ने यहां तक बताया कि दाखिल खारिज में विपिन यादव द्वारा जो रूपये लिये जा रहे है वह भी सीधे विपिन यादव अपने हैण्डों के माध्यम से लिवा रहे है जो इस समय चर्चा का विषय बना हुआ है। अधिवक्ता तो खुलेआम कह रहे है कि दाखिल खारिज के मामले में तहसील में दो खेल चलते है जिनको विपिन यादव के माध्यम से डील किया जाता है वह श्री यादव के हैण्डो द्वारा सारा खेल होता है जो जमीन खरीददार इनको पैसे नही देता है उस फाइल को खारिज करने के लिये विपिन यादव अपनी पूरी ताकत झोंक देते है। सूत्रो की माने तो अगर किसी अधिकारी को हकीकत का पता करना हो तो दाखिल खारिज होने आई फाइलों का गम्भीरता से अवलोकन करें तो पता चलेगा कि कुछ फाइलों में कोने में लाल व नीले कलर से हल्का निशान लगा होता है जो इस बात का संकेत होता है कि इस फाइल से अभी तक पैसे नही मिले है जब पैसे मिल जाते है तो फाइल पर लगा हल्का निशान फाड़ कर हटा दिया जाता है और फाइल को दुरूस्तीकरण में डाल दिया जाता है। अगर कोई खरीददार ईमानदारी के साथ यहां काम कराना चाहे तो नही करवा सकता है क्योकि श्री यादव के राज में बिना पैसो के तो दाखिल खारिज हो ही नही सकता है। इस बात चर्चा खरीददार से लेकर अधिवक्ता तक कर रहे है। बताया यह भी जा रहा है कि दाखिल खारिज में तहसीलदार के यहां चल रही वसूली के कारण ही आये दिन वकीलों और विपिन यादव के बीच नोक झोंक भी हुआ करती है और वकील द्वारा विपिन यादव की शिकायत सक्षम अधिकारी के किये जाने की बात कही जा रही है। कई वकीलों का कहना है कि जब तक विपिन यादव जैसे अधिकारी तहसीलदार के यहां तैनात रहेगे तब तक इसी तरह से वसूली होती रहेगी। दूसरा तरीका बताया जा रहा है कि बैनामा करवाने के बाद खरीददार पैसे सम्बन्धित लेखपाल से सम्पर्क करें लेखपाल अपनी आख्या फाइल पर लगा देगा तो उसका दाखिल खारिज होता है। एक काबिल लेखपाल ने दबी जुबान

बताया कि अगर दाखिल खारिज की रिपोर्ट लेखपाल के माध्यम से लगवाकर दाखिल खारिज करवाया जायेगा तो


दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

R.N.I. NO : MPHIN2021/82530

समूह सम्पादक : रविन्द्र सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ बेहिचक

दरें प्रति स्क्वायर से.मी. में

व्यावसायिक

| कलर | | B & W | |
|---|---|---|---|
| पृष्ठ | दर / SQcm | पृष्ठ | दर / SQcm |
| प्रथम पृष्ठ | 40 | प्रथम पृष्ठ | 30 |
| साधारण पृष्ठ | 30 | साधारण पृष्ठ | 20 |
| अंतिम पृष्ठ | 35 | अंतिम पृष्ठ | 30 |

हार्दिक बधाई / धार्मिक

| कलर | | B & W | |
|---|---|---|---|
| पृष्ठ | दर / SQcm | पृष्ठ | दर / SQcm |
| प्रथम पृष्ठ | 35 | प्रथम पृष्ठ | 30 |
| साधारण पृष्ठ | 25 | साधारण पृष्ठ | 20 |
| अंतिम पृष्ठ | 30 | अंतिम पृष्ठ | 25 |

शोक संदेश / श्रद्धांजलि

| कलर | | B & W | |
|---|---|---|---|
| पृष्ठ | दर / SQcm | पृष्ठ | दर / SQcm |
| प्रथम पृष्ठ | 25 | प्रथम पृष्ठ | 20 |
| साधारण पृष्ठ | 18 | साधारण पृष्ठ | 15 |
| अंतिम पृष्ठ | 20 | अंतिम पृष्ठ | 18 |